

अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

मौसम
अधिकतम तापमान 32.6°C
न्यूनतम तापमान 25.7°C
सूर्योदय - 5.33 | सूर्यास्त - 7.00

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



खैरलांजी में सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति, गिरीश बिसेन ... ⏩ 4



ताहा शाह की एक बात ने मेरा दिल जीत लिया ... ⏩ 7



जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण... ⏩ 9

# युवाओं के सपनों को पूरा करने में हर संभव मदद करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने माय यूथ-माय प्राइड कॉन्क्लेव का शुभारंभ कर युवाओं को दिया संदेश

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिये हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 2 करोड़ युवा विकसित भारत 2047 के निर्माण में सहभागी बनते हुए प्रदेश की समृद्धि के भी सूत्रधार बनेंगे। राष्ट्र के नवनिर्माण में युवा शक्ति की प्रतिभा को निखारने के लिये हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिये



संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क जैसे कौशल उन्नयन संस्थानों के द्वारा स्पेशल ट्रेनिंग दे रही है। दुनिया की सबसे बड़ी यंग जनरेशन भारत में है। हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं के बलबूते ही भारत हर क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। अपनी क्षमता, दक्षता, योग्यता, जोखिम लेने का साहस, बुद्धिमता और उद्यमशीलता से यही युवा नये विकसित भारत का निर्माण करेंगे। भारत के हृदय प्रदेश, मध्यप्रदेश में 2 करोड़ से अधिक युवा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित माय यूथ-माय प्राइड कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया।

### वर्ष 2027 होगा युवाओं का साल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगला साल प्रदेश की युवा शक्ति को समर्पित रहेगा। युवाओं के समग्र कल्याण सहित इन्हें रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा साथी अपने जीवन में आगे बढ़ने और कुछ नया कर गुजरने के सपने देंखे, युवाओं के सपनों को पूरा करने में हमारी सरकार सभी प्रकार की मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा कल्याण की शुरूआत इसी साल से इस यूथ कॉन्क्लेव के जरिए हो चुकी है।

### डिजिटल कंटेंट अवार्ड की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव-2026 में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के साथ संवाद किया। उन्होंने युवाओं के उत्थान और जन जागरूकता के लिए डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के योगदान को सराहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के डिजिटल इंफ्ल्यूएंसर्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजिटल कंटेंट अवॉर्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक सोच, नवाचार और सामाजिक सरोकारों के साथ काम करने वाले युवा आज समाज में परिवर्तन के सशक्त वाहक बन रहे हैं, उनके योगदान को सम्मानित किया जाना जरूरी है।

### होम-स्टे से मिल रहा है रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा शक्ति अपनी प्रतिभा से देश और समाज में अलग पहचान बनाए। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे तैयार करने के लिए युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगारपरक उद्योग स्थापित करने पर ऐसे उद्यमियों को हमारी सरकार प्रत्येक श्रमिक के वेतन में 5 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन सहायता दे रही है। हम प्रदेश के विकास यज्ञ में युवाओं की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।




# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्थिति स्पष्ट करें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले के कारण करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को गहरा आघात पहुंचा है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेस कांफ्रेंस कर इस मामले में देश के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनिल भारद्वाज ने शनिवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय लीपापोती की जा रही है। उनका कहना था कि सामान्यत: ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज होती है लेकिन यहां सीधे एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी गठित होने से पहले ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के खिलाफ न तो प्राथमिकी दर्ज की गई और न ही उन्हें जांच के दायरे में लाया गया जबकि कार्रवाई केवल निचले स्तर के लोगों तक सीमित रखी गई है। पार्टी नेताओं ने राम मंदिर ट्रस्ट पर अनाप शनाप खर्च करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मनमाने तरीके से छोटे छोटे कार्यक्रमों पर पैसा खर्च किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 जनवरी 2024 के कार्यक्रम पर 113 करोड़ रुपये और एक अन्य कार्यक्रम पर 10 करोड़ रुपये से अधिक खर्च दिखाया गया है। उनका कहना था कि राम भक्तों के दान का दुरुपयोग किया गया है, जिससे ट्रस्ट की साख और करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास को ठेस पहुंची है। उन्होंने पूरे मामले की व्यापक एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वक्ता बहुत अच्छे हैं लेकिन वह उसी मामले में बोलते हैं जो वह चाहते हैं। उनका कहना था कि चढावा चोरी का मामला बहुत गंभीर है लेकिन आश्चर्य की बात है कि श्री मोदी ने अब तक इस मामले पर एक शब्द भी नहीं कहा । कांग्रेस ने मांग की है कि प्रधानमंत्री प्रेस कांफ्रेंस कर देश के सामने स्थिति स्पष्ट करें। पार्टी ने पूरे मामले की न्यायिक जांच उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश से कराने, मंदिर ट्रस्ट को भंग करने, मंदिर में हुए हर लेन-देन का फोरेंसिक ऑडिट कराने तथा दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया, उनसे समुचित पूछताछ किए बिना सीधे जेल भेज दिया गया। उनका कहना था कि यदि विस्तृत पूछताछ होती तो मामले में बड़े लोगों के नाम सामने आ सकते थे।

# वियतनाम में नाव पलटी, 15 भारतीय की मौत

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम में एक द्वीप से वापस लौट रही एक नाव समंदर में पलट गई, इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, पर्यटकों को लेकर जा रही एक स्पीडबोट फू क्वोक द्वीप के निकट होन मे रुट न्गोआई द्वीप के पास पलट गई। अधिकारियों के अनुसार, नाव में 32 भारतीय पर्यटक और चार क्रू मेंबर सवार थे। यह नाव वियतनाम के सबसे बड़े द्वीप फू क्वोक के पास स्थित होन मे रुट न्गोई द्वीप से लगभग 400 मीटर की दूरी पर पलट गई। एन थोई पोर्ट बॉर्डर गार्ड स्टेशन के अनुसार, हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं।



# पार्टी जो कहेगी वही करूंगा, किसी से कोई नाराजगी नहीं : मिश्रा

**भोपाल/दतिया।** दतिया विधानसभा उपचुनाव 2026 को लेकर सियासी गहमागहमी जारी है। इस बीच टिकट कटने और सियासी बवाल के बीच पूर्व मंत्री और भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा भोपाल पहुंचे हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। भाजपा नेतृत्व से चर्चा के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो भी बात होगी, सभी से चर्चा करेंगे। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के दतिया जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें जाना चाहिए। वहीं, नामांकन में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं जरूर शामिल होऊंगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पार्टी जो कहेगी, वही करूंगा। मेरी किसी से कोई नाराजगी नहीं है। बताया जा रहा है कि दतिया में मचे राजनीतिक विवाद के बाद भाजपा संगठन ने डॉ. नरोत्तम मिश्रा को भोपाल बुलाया था।




# शहर की फिजा बिगाड़ने वाले अपराधियों पर कलेक्टर ने की राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही

## दो अपराधियों को किया जिले से निष्कासित, दो को हर माह थाने में हाजिरी देने के आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये दो आदतन अपराधियों को जिले से निष्कासित कर दिया है। जबकिए दो अपराधियों को संबंधित पुलिस थाने में हर माह हाजिरी दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। जिला दंड़ाधिकारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पर इन अपराधियों की समाज विरोधी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से की है। जिले से निष्कासित किये गये अपराधियों में सिहोरा के वार्ड नंबर दस गौरैय्या मोहल्ला निवासी दीपक ठाकुर उर्फ दिपू उर्फ पोछा उम्र 27 वर्ष को तीन माह की अवधि के लिये तथा कालीमठ मंदिर के पास आमनपुर निवासी नरेन्द्रा उर्फ पप्पू विश्वतकर्मा उम्र 50 वर्ष को पांच माह के लिये जिले से निष्कासित किया गया है।




### इन जिलों पर प्रवेश नहीं कर सकेंगे अपराधी

जिला बदर किये गये दोनों आदतन अपराधी निष्कासन की अवधि के दौरान जबलपुर सहित डिंडोरी, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, कटनी, दमोह और उमरिया जिले की राजस्व सीमा में भी प्रवेश और निवास नहीं कर सकेंगे। दोनों आदतन अपराधियों पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देनेए शासकीय कार्य में बाधा, चकाजाम करनेए हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखनेए अवैध विस्फोटक पदार्थ रखनेए बलवा करने, अवैध शराब का विक्रय करने तथा छेडछाड करने और जातिगत शब्दों से अपमानित करने जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज थे।

### इन बदमाशों पर गिरी गाज

जिला दंडाधिकारी ने जिन दो अपराधियों को हर माह थाने में हाजिरी दर्ज कराने के आदेश दिये हैं, उनमें पनागर थाना अंतर्गत रामवार्ड देवरी खुर्द निवासी राजाराम उर्फ राजा काछी उम्र 48 वर्ष को पांच माह की कालावधि तक प्रत्येक माह की 15 एवं 25 तारीख को तथा थाना संजीवनी नगर के अंतर्गत श्यामनगर परसवाड़ा निवासी सुरेन्द्र उर्फ चिंगम प्रधान उम्र 29 वर्ष को चार माह की कालावधि के लिए प्रत्येमक माह की 15 एवं 25 तारीख को थाने में उपस्थिति दर्ज कराना होगी। राजाराम उर्फ राजा काछी के विरूद्ध पनागर थाने में 18 अपराधिक प्रकरण तथा सुरेन्द्र उर्फ चिंगम प्रधान के विरूद्ध 13 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।



### सिहोरा में मनाया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 78वां स्थापना दिवस

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** आज का विद्यार्थी आज का नागरिक है, विद्यार्थियों को ना केवल नागरिक अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए, अपितु नागरिक कर्तव्यों के प्रति अपनी जवाबदारी भी निभाना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने अध्ययन के साथ साथ समाज और देश के प्रति अपने कार्यों का भान होना चाहिए। सिहोरा के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों के साथ साथ नशा उन्मूलन के कार्यों में लगना चाहिए। उक्ताशय के उदगार अनुपम सराफ ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 78वीं स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मेधावी छात्र छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह में स्थानीय आदित्य पैलेस सब्जी मंडी सिहोरा नगर विशिष्ठ अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संध्या दुबे ने कहा कि अपनी शारीरिक बौद्धिक शक्ति का जागरण कर आप अपने समाज परिवार और देश के लिए कार्य कर सकते हैं।

# राम मंदिर की ट्रस्ट कमेटी में सभी भाजपा के लोग



### दतिया के सियासी बवाल पर सांसद विवेक तंखा ने साधा निशाना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

दतिया में भारतीय जनता पार्टी के बीच मचे सियासी बवाल पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने तंज कसते हुए कहा है कि माई के दरबार में इस समय उफान और तूफान आया हुआ है। उन्होंने कहा कि अपने सीनियर लीडर की उपेक्षा पर अब भाजपा के कार्यकर्ता सड़क पर उतर रहे हैं, ऐसा दृश्य उन्होंने आज तक कभी बीजेपी में नहीं देखा है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि भाजपा में अगर इसी गति से तूफ़ान चल तो कांग्रेस का रास्ता सरल हो जाएगा।

### चंदा चोरी पर बोले सांसद तन्खा

शनिवार को शहर पहुंचे राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, हालांकि यह उनका अंदरूनी मामला है, पर उनके लिए यह जरूर चिंता की बात है। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने राम मंदिर में हुए चंदा चोरी को लेकर भी सरकार को निशाने पर साधा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आस्था का केंद्र है। भगवान राम सभी के हैं लेकिन अयोध्या में भाजपा ने अपना ट्रस्ट बना रखा है, उस मंदिर की कमेटी में जितने भी लोग थे सभी उन्हीं के थे, और जब चंदा चोरी सामने आया तो लोगों में आक्रोश आना स्वाभाविक है।



### मजदूर संघ हथौड़ा से जुड़े पुराने साथी, बढ़ी ताकत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयड फेडरेशन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने कहा जीसीएफ में आगामी कार्य समिति चुनाव 2026 से पूर्व श्रमिक राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व में मिले हाथ यूनियन के कार्य समिति चुनाव प्रत्याशी रह चुके सुरेश लोधी (गुड्डू भाई) ने अपने अनेक समर्थकों के साथ लाल झंडा मजदूर संघ हथौड़ा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान यूनियन के जेसीएम राजा पांडे अध्यक्ष विनय गुप्ता एवं कार्य समिति सचिव अमित चंदेल ने सुरेश लोधी का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, सक्रियता एवं श्रमिक हितों के प्रति समर्पण से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। श्री लोधी ने कहा कि उन्होंने प्रभावित होकर मजदूर संघ हथौड़ा से जुड़ने का निर्णय लिया है और वे पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। यूनियन के महामंत्री रोहित यादव ने कहा कि कर्मचारियों का लगातार बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि मजदूर संघ हथौड़ा श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है। यूनियन पदाधिकारी के साथ संजय थपलियाल, सुरेश जाटव, भीम, संजय आदि उपस्थित रहे।

# नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ

### 16 जुलाई को रथ यात्रा का आयोजन, रूपरेखा तैयार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास द्वारा विगत 258 वर्ष से भगवान जगन्नाथ स्वामी बलभद्र भैया, सुभद्रा मैया पुष्पों से सजे हुए की रथ में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देने वर्ष में एक बार निकलते हैं। यात्रा जगदीश मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिए निकाली जाती है। इस अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर में दूर-दूर से भक्तजन परिवार सहित सम्मिलित होते हैं, आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की द्वतीया तिथि 16 जुलाई गुरुवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा कार्यक्रम में प्रात: 10 बजे से



ग्राम बम्होरी से आए हुए श्री कृष्ण भजन संकीर्तन मंडली के प्रमुख रजनीश गौतम द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी के मधुर भजन की प्रस्तुति दी जावेगी, दोपहर 12.30 बजे संस्कारधानी के गणमान्य जनों प्रशासन एवं साधु संतों द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजन अर्चन पश्चात श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालिपुरम द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी के भव्य रथ की अगुवाई की जावेगी। रथ यात्रा का मार्ग जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्गा चौक, गुप्ता कॉलोनी, गढ़ाफाटक शंकर की भंडार, पड़ाव सब्जी मंडी होते हुए पड़ाव हनुमान अखाड़े में भगवान जगन्नाथ स्वामी का विश्राम होगा। 17 जुलाई से दस दिवसीय विश्राम अवधि में भगवानश्री के समुख प्रतिदिन प्रात: 8 बजे अखाड़े में संकीर्तन मंडल द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया जावेगा एवं 26 जुलाई को सायं 4 बजे अखाड़े से जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ की वापसी होगी।

इस अवसर पर श्री जगदीश, गणेश मंदिर लोकन्यास पब्लिक ट्रस्ट प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, न्यासी राजकुमार साहू, प्रबंधक मोहित तिवारी, मंदिर पुजारी पं देवेंद्र त्रिपाठी, संकीर्तनाचार्य पं मनमोहन दुबे, संयोजक देवेंद्र नेमा आदि ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



**हर्षित बने अध्यक्ष, मो. नईम बने सचिव**

### पंजा कुश्ती संघ की जिला इकाई का गठन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्टेट एसोसिएशन ऑफ़ मप्र पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जय घनघोरिया द्वारा महासचिव प्रकाश यादव की अनुशंसा पर जबलपुर पंजा कुश्ती संघ की जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष हर्षित यादव, उपाध्यक्ष श्याम रजक, राजेंद्र यादव, एम. जोसफ, रोमित सिंह, सचिव मो. नईम, सह सचिव हर्ष पुरी गोस्वामी, परेश सोनी, कोषाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, मीडिया प्रभारी देवेंद्र तिवारी, टेक्निकल एडवाइज़र मुकेश विश्वकर्मा, सालोमन ( सलमान ), गुंज़न लिल्होरे, जितिन नारंग मनोनीत किये गए। इनकी सभी की नियुक्ति पर इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव मनोज नायर, एड. अशोक गुप्ता, एनबी क्षत्री, सुनील यादव, संजय साहू, एड. सुदीप सिंह सैनी, नीलेश केवट, ऋषिभान सिंह ठाकुर, शादाब अंसारी, विजय रजक, प्रदीप पटेल आदि ने बधाइयां प्रेषित की है।

# आदित्य कॉन्वेंट स्कूल में सजी विज्ञान और कला प्रदर्शनी

### बच्चों ने बनाए एक से बढ़कर एक आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दमोह नाका गोपालबाग स्थित आदित्य कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक, सुंदर और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडल जैसे- वॉटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, सोलर एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण आदि ने वहां



मौजूद सभी लोगों का ध्यान खींचा।

इसके अलावा कला और शिल्प के क्षेत्र में भी बच्चों ने अपनी अनूठी सोच से वेस्ट मटेरियल (कबाड़) से बेहतरीन कलाकृतियां तैयार कीं। प्रदर्शनी में सातवी कक्षा की छात्रा कनक कुशवाहा, अयन अंसारी अध्ययन साहू, अनुष्का अग्रवाल, मिस्टी कोस्टा, वैष्णवी चौरसिया, अनुष्का रजक ने भी आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए जिनकी सभी ने सराहना की।

स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना और उनमें वैज्ञानिक सोच व रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। प्रदर्शनी को देखने आए अभिभावक भी बच्चों के आत्मविश्वास और उनके ज्ञानवर्धक मॉडल्स को देखकर बेहद प्रभावित नजर आए।

### दुकानदार का मोबाइल ले उड़ा ग्राहक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में विजेन्द्र यादव उम्र 50 वर्ष निवासी कामधेनु ट्रेडर्स मेन रोड गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह कामधेनु ट्रेडर्स नाम स्टेशनरी की दुकान चलाता है । अपनी दुकान में शाम लगभग 5 बजे अपना रियलमी कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 14 हजार रूपये का चार्जर लगाया था। एक ग्राहक आधारकार्ड से पैसा निकलवाने के लिये आया था इंटरनेट बंद होने के कारण पैसा नहीं निकल रहा था। उक्त व्यक्ति दुकान में ही था। अंदर बाथरूम करने चला गया था। लगभग 10 मिनिट मे वापस आया तो ग्राहक भी नहीं था चार्जिंग में लगा उसका मोबाइल गायब था। अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# आत्मनिर्भर महिलाओं का सम्मान, पत्रिका का हुआ विमोचन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित जबलपुर में 11 जुलाई को 30वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया है। आयोजन में अध्यक्ष निधि पाण्डेय ने बताया कि बैंक से छोटे-छोटे लघु एवं कुटीर उद्योगों के लिए ऋण लेकर महिलायें अपने परिवार की जीविका चलाने में सहभागिता निभाकर आत्म निर्भर हो रही है एवं सभा में कुछ ऐसी महिलाओं का स्वागत किया गया। सभा में मुख्य अतिथि बीजेपी जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं विशिष्ट अतिथि शैलेष राजपाल, उपाध्यक्ष शोभिता दुबें, प्रभा ठाकुर, नूतन पाण्डेय, साधना तिवारी, शमशाद बेगम, अंजलि यादव, मल्लिका पॉल, कमला अवस्थी, भूमिका अलवानी, सरस्वती चढ़ार, सरोज पाण्डेय, प्रेमलता त्रिपाठी, सुनयना गुप्ता, सुरेखा डेविड, रागिनी शर्मा, मेहरून्निशा बेगम, सुनीता तिवारी, प्रभा साहू, पूनम चौबे, शिल्पी सेन, स्नेहलता सोनी, आभा शुक्ला, पिंकी पटैल, सौम्या उपाध्याय, श्रुति चौबे, धनश्री चौबे, रेखा ठाकुर, नेहा नेमा, सीईओ आल्विन मनोहर डेविड, पूर्व सीईओ एसके गुप्ता इत्यादि ने सहकारिता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में महिला अंशधारियों ने अपना उपस्थिति दर्ज कराई। आम सभा में पत्रिका का विमोचन किया गया एवं वरिष्ठ नागरिकों को बैंक द्वारा 8 से 8.25 प्रतिशत ब्याज देने की जानकारी दी गई। बैंक के अंशधारियों को 8 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई। बैंक की स्टॉफ संगीता उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वीआईपी कार से हो रही थी शराब की सप्लाई

### 31 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब के साथ फॉर्च्यूनर कार जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुसिल कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर तिलवारा गोरखपुर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 31 पेटी में कुल 288 बॉटल और 336 पाव अंग्रेजी तथा 316 पाव देसी शराब, 1 मोबाइल और एक फॉर्च्यूनर कार जब्त की है। तिलवारा थाना प्रभारी श्री बृजेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरगी की तरफ से एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर एक व्यक्ति तिलवारा की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जबलपुर-नागपुर नेशनल हाईवे पर तिलवारा पुल के पास रमनगरा मोड़ पर घेराबंदी की। कुछ ही समय बाद जब संदिग्ध फॉर्च्यूनर कार आती दिखी, तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास



किया। पुलिस को देखकर कार चालक ने भागने के लिए गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी, जिसके कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के शीशे टूट गए। इसके बाद चालक ने पैदल भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

**लाखों की शराब और 22 लाख की कार जब्त**-पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम निखिल पाण्डे (उम्र 23 वर्ष, निवासी रामायण मंदिर के पीछे देवताल गढ़ा, वर्तमान पता- संजीवनीनगर) बताया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 31 कार्टून (पेटी) अवैध अंग्रेजी शराब मिली। इसमें ऑफिसर च्वाइस, बैगपाइपर, आइकॉनिक, रॉयल स्टैग, सिमरन ऑफ, मैजिक मोमेंट्स, सिग्नेचर और वोदका जैसी नामी कंपनियों की कुल 276 लीटर 48 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 3 लाख 7 हजार 680 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही टोयोटा फॉर्च्यूनर कार (कीमत लगभग 22 लाख रुपये) और एक रियलमी मोबाइल जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी तिलवारा बृजेश मिश्रा, उप निरीक्षक अभिषेक कैथवास, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटेल, आरक्षक सुनील परवारी और कृपाराम की सराहनीय भूमिका रही।

### समीक्षा बैठक में संभागायुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने मंडला जिले के आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस बैठक में उन्होंने आकांक्षी विकासखंड नारायणगंज के विकास से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों की विस्तार से समीक्षा की। विकासखंड नारायणगंज के पूर्व में किए गए निरीक्षण के बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा भी की गयी, इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन और अवसंरचना के साथ साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से जुड़े कुल 38 महत्पूर्ण संकेतकों में हुई प्रगति की संबंधित विभागों से बिन्दुवार प्रगति प्राप्त की गयी। संभागायुक्त ने स्वास्थ्य एवं पोषण, महिला एवं बाल विकास, ई गवर्नेंस तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों का विस्तृत विवरण लिया।

# जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ, विश्व जनसंख्या दिवस पर किया आमजन को जागरूक

### हरी झंडी दिखाकर जनजागरूकता रथ एवं रैली को किया गया रवाना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जिले में 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैलियां, प्रचार-प्रसार गतिविधियां, विशेष परिवार नियोजन शिविर तथा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का शुभारंभ शनिवार को सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी द्वारा जनजागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। रथ एवं रैली ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व तथा स्वस्थ परिवार का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. जया श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश कुमार वर्मा, डॉ. पंकज ग्रोवर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नसबंदी शिविर का आयोजन** - सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के लिए गर्भधारण के बीच उचित अंतराल अत्यंत आवश्यक है। अभियान के दौरान विवाह के बाद उचित समय पर संतानोत्पत्ति, बच्चों के जन्म में उचित अंतराल, प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं का उपयोग, पुरुष सहभागिता तथा परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रति व्यापक जनजागरूकता लाई जाएगी। इसके साथ ही जिलेभर में विशेष परिवार नियोजन सेवा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

विश्व जनसंख्या दिवस के शुभारंभ अवसर पर सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय में पुरुष एवं महिला नसबंदी शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में सुपरवाइजर जितेन्द्र सोनकर के मार्गदर्शन में 2 पुरुष नसबंदी तथा 21 महिलाओं के एलटीटी (महिला नसबंदी) ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए।

# उच्च शिक्षा में कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता

**वर्तमान समय में उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, कौशल निर्माण और रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और बदलते रोजगार बाजार ने शिक्षा की भूमिका को व्यापक बना दिया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव और आधुनिक कौशल भी प्रदान किए जाएँ।**




## कौशल आधारित शिक्षा का महत्व

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने कौशल आधारित शिक्षा को विशेष महत्व दिया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। वर्तमान उद्योग जगत ऐसे युवाओं की अपेक्षा करता है जिनमें तकनीकी ज्ञान के साथ संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान, टीम भावना और नवाचार की सोच भी विकसित हो। यही गुण विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में सफल बनाते हैं।

## आधुनिक तकनीक और नए अवसर

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता डेटा विश्लेषण, साइबर सुरक्षा, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, ई-कॉमर्स तथा स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएँ हैं। यदि उच्च शिक्षण संस्थान इन विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करें, तो विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकेंगे और नए अवसरों का लाभ उठा पाएँगे।

## नैतिक मूल्यों का समावेश

उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना भी है। शिक्षा तभी सार्थक मानी जाएगी, जब वह विद्यार्थियों को योग्य पेशेवर के साथ-साथ संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक भी बनाए।



**डॉ. नीलेश पाण्डेय**
**प्राचार्य**
**हितकारिणी महिला महाविद्यालय, जबलपुर**

### रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता

महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, परियोजना कार्य, प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास कार्यक्रम तथा डिजिटल साक्षरता से जोड़ना समय की मांग है। इससे उन्हें वास्तविक कार्य-परिस्थितियों का अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार प्राप्त करने की संभावनाएँ बढ़ती हैं। विशेष रूप से छात्राओं के लिए कौशल आधारित शिक्षा आर्थिक आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम सिद्ध हो सकती है।

---

**12वीं के बाद करियर में चाहिए हाई सैलरी और शानदार ग्रोथ?**

# पेट्रोलियम इंजीनियर बनकर संवारें अपना भविष्य

**12वीं साइंस स्ट्रीम (फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स) से पढ़ाई करने वाले छात्रों के सामने अक्सर इंजीनियरिंग के पारंपरिक विकल्प ही आते हैं। लेकिन यदि आप लीक से हटकर एक ऐसे करियर की तलाश में हैं, जिसमें शुरुआत से ही शानदार सैलरी पैकेज और बेहतरीन करियर ग्रोथ मिले, तो पेट्रोलियम इंजीनियर आपके लिए सबसे बेहतरीन और हाई-पेइंग विकल्पों में से एक साबित हो सकता है।**

## क्या होता है एक पेट्रोलियम इंजीनियर का काम?

पेट्रोलियम इंजीनियर का मुख्य काम जमीन के नीचे छिपे तेल और गैस के भंडारों की पहचान करना, उनका सुरक्षित उत्पादन बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों की मदद से इन प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना होता है। इसके तहत कार्य प्रकृति के आधार पर कई विशेष प्रोफाइल होते हैं।

***1 रिजवायर इंजीनियर***- इनका काम आधुनिक तकनीकों से जमीन के नीचे के भंडारों का विश्लेषण करना होता है। सरल शब्दों में, ये पता लगाते हैं कि किस स्थान पर कितना तेल या गैस मौजूद है।

***2 अड्रिलिंग इंजीनियर***- तेल और गैस को सुरक्षित तरीके से जमीन से बाहर निकालने के लिए पूरी प्लानिंग, डिजाइनिंग और ड्रिलिंग प्रक्रिया को अंजाम देना इनका काम होता है।

***3 अप्रोडक्शन इंजीनियर***- कुओं से तेल और गैस का प्रवाह सही बनाए रखना, उत्पादन की लागत को प्रबंधित करना और उपयोग होने वाले भारी उपकरणों की निगरानी करना इनकी जिम्मेदारी होती है।



---

**एक्जीक्यूटिव एमबीए क्या है और क्यों बन रहा है**

# वर्किंग प्रोफेशनल्स की पहली पसंद?

**आज के बदलते और कॉम्पिटिटिव बिजनेस वर्ल्ड में खुद को अपडेट रखना बेहद जरूरी हो गया है। यही वजह है जिन्हें काम का अच्छा-खासा एक्सपीरिएंस है उनके बीच एक्जीक्यूटिव एमबीए की डिग्री पहली पसंद बन रही है। इस कोर्स की खास बात यह है कि वर्किंग प्रोफेशनल्स को बिना नौकरी छोड़े बिजनेस की नई स्किल्स, स्ट्रैटेजिक सोच और प्रैक्टिकल अप्रोच सीखने में मदद करता है। इस कोर्स को करने वाले करीब 97 प्रतिशत स्टूडेंट्स के पास 13 साल या उससे ज्यादा का वर्क एक्सपीरियंस होता है, जिससे क्लासरूम में चर्चा और नेटवर्किंग का लेवल बहुत शानदार हो जाता है। इसके अलावा और क्या कुछ खास है इस कोर्स के बारे में आइए जानते हैं आगे आर्टिकल में...**

## एक्जीक्यूटिव एमबीए के फायदे

### इंटरनेशनल बिजनेस स्किल्स

आजकल ऑनलाइन और हाइब्रिड यानी ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पढ़ाई को बड़ी पहचान मिल रही है। अब प्रोफेशनल्स ट्रेवल करते हुए या दूरदराज के इलाकों से भी आसानी से पढ़ाई कर सकते हैं। कई बड़े बिजनेस स्कूल अब एशियन संस्थानों के साथ पार्टनरशिप कर रहे हैं। इससे स्टूडेंट्स को इंटरनेशनल बिजनेस के तौर-तरीकों को सीधे समझने और ग्लोबल एक्सपोजर पाने का मौका मिल रहा है।

### नेटवर्किंग होती है मजबूत

इस कोर्स का सबसे बड़ा फायदा है शानदार नेटवर्क। यहां इक्सपीरिएंस फैकल्टी, गेस्ट स्पीकर्स और अलग-अलग फील्ड के प्रोफेशनल्स एक साथ आते हैं। यह मजबूत एलुमनाई नेटवर्क आगे चलकर नए बिजनेस पार्टनर्स, जॉब ऑफर्स और स्टार्टअप शुरू करने में बहुत मददगार साबित होता है।




### फुल-टाइम एमबीए से बेहतर

इसमें आपको अपनी चलती हुई नौकरी या सैलरी छोड़ने की जरूरत नहीं होती. क्योंकि आपकी कमाई बंद नहीं होती, इसलिए इस कोर्स पर होने वाला खर्च जेब पर भारी नहीं पड़ता. इसलिए यह फुल-टाइम एमबीए से कहीं बेहतर होता है। इसकी पढ़ाई केस स्टडीज और प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स पर आधारित होती है, यानी वीकेंड पर आपने जो सीखा, सोमवार को उसे सीधे अपने ऑफिस के काम में इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर कोई बहुत अच्छा इंजीनियर, डॉक्टर या वकील है, तो जरूरी नहीं कि उसे बिजनेस चलाना या टीम संभालना भी आता हो। ई एमबीए ऐसे ही टेक्निकल एक्सपर्ट्स को फइनेंस, मार्केटिंग, ऑपरेशंस और स्ट्रेटेजी की भाषा सिखाता है।

### सीवी होती है मजबूत

इसके बाद वे आसानी से कंपनी के बड़े पदों, जैसे सीईओ, सीएफओ पर बैठने के काबिल बन जाते हैं। इसके साथ ही, कोर्स के दौरान मिलने वाली पर्सनल करियर कोचिंग आपकी सीवी बेहतर करने और इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करती है। आसान शब्दों में कहें तो, साल 2026 के अनिश्चित बाजार में ई एमबीए प्रोफेशनल्स को करियर में लंबी छलांग लगाने का सबसे मजबूत जरिया बन गया।

---

# ज्ञान प्रभा स्कॉलरशिप योजना

**दिव्यांग छात्रों को उच्च षिक्षा के लिए आर्थिक सहायता**




**ज्ञान प्रभा स्कॉलरशिप योजना भारत सरकार के राष्ट्रीय ट्रस्ट द्वारा संचालित एक छात्रवृत्ति योजना है। इसका उद्देश्य दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा और कौशल विकास के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो बौद्धिक एवं बहु-दिव्यांगता से प्रभावित हैं।**

### योजना का उद्देश्य

- दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना।
- आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता करना।
- कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाना।
- शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना।

### किन छात्रों को लाभ मिलता है?

यह योजना निम्न दिव्यांगताओं से प्रभावित छात्रों के लिए है
1 ऑटिज्म
2 सेरेब्रल पाल्सी
3 बौद्धिक दिव्यांगता
4 बहु-दिव्यांगता

### पात्रता

- आवेदक भारत का नागरिक हो।
- राष्ट्रीय ट्रस्ट के अंतर्गत पंजीकृत दिव्यांगता हो।
- मान्यता प्राप्त विद्यालय, कॉलेज या कौशल विकास संस्थान में अध्ययनरत हो।
- आवश्यक दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध हों।

### आवश्यक दस्तावेज

- आधार कार्ड
- दिव्यांगता प्रमाणपत्र
- आय प्रमाणपत्र (यदि आवश्यक हो)
- बैंक पासबुक
- पासपोर्ट आकार फोटो
- शैक्षणिक प्रमाणपत्र
- संस्थान का प्रवेश प्रमाणपत्र

### आवेदन प्रक्रिया

राष्ट्रीय ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ। ज्ञान प्रभा स्कॉलरशिप स्कीम का चयन करें। ऑनलाइन आवेदन फॅार्म भरें। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन जमा कर उसकी रसीद सुरक्षित रखें।

---

# नेटवर्किंग बनाम मेंटरशिप

## उज्ज्वल भविष्य के लिए कौन है अधिक महत्वपूर्ण?




आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री या तकनीकी ज्ञान ही सफलता की गारंटी नहीं है। करियर में आगे बढ़ने के लिए सही लोगों से जुड़ना और अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करना भी उतना ही आवश्यक है। यही कारण है कि नेटवर्किंग और मेंटरशिप आज हर क्षेत्र में सफलता के दो महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाते हैं। अक्सर युवाओं के मन में यह प्रश्न उठता है कि बेहतर भविष्य के लिए इनमें से कौन अधिक उपयोगी है। वास्तव में, दोनों की अपनी अलग भूमिका है और दोनों मिलकर व्यक्ति के करियर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं।

### नेटवर्किंग क्या है?

नेटवर्किंग का अर्थ है अपने क्षेत्र से जुड़े लोगों, विशेषज्ञों, सहकर्मियों, शिक्षकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अन्य पेशेवरों से सकारात्मक संबंध स्थापित करना। यह केवल परिचय बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि ज्ञान, अनुभव और अवसरों का आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया भी है।

### नेटवर्किंग के प्रमुख लाभ

- रोजगार और करियर के नए अवसर प्राप्त होते हैं।
- विभिन्न क्षेत्रों की नवीनतम जानकारी और रुझानों से परिचित होने का अवसर मिलता है।
- व्यवसाय और स्टार्टअप के लिए नए साझेदार एवं ग्राहक मिल सकते हैं।
- आत्मविश्वास, संवाद कौशल और व्यक्तित्व का विकास होता है।
- कठिन परिस्थितियों में अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त हो सकता है।

---

# जर्मनी में मास्टर्स के लिए देना होगा डीमेट एग्जाम, कैसे करें तैयारी

**जर्मनी में हायर एजुकेशन हासिल करने की प्लानिंग कर रहे स्टूडेंट्स को यहां एडमिशन के लिए जरूरी सभी एग्जाम्स के बारे में मालूम होना चाहिए। हाल ही में जर्मनी में डीमेट नाम का एक और एग्जाम लाया गया है। आज हम इसी एग्जाम की तैयारियों के बारे में जानेंगे**




## डीमेट एग्जाम टिप्स

वर्ल्ड-क्लास यूनिवर्सिटीज, किफायती ट्यूशन फीस और बढ़िया करियर अवसर मुहैया कराने की वजह से जर्मनी, भारतीय छात्रों के बीच एक पॉपुलर स्टडी अब्रॉड डेस्टिनेशन बन चुका है। हर साल हजारों भारतीय यहां मास्टर्स कोर्सेज में एडमिशन के लिए अप्लाई कर रहे हैं। इस वजह से एडमिशन को लेकर कॉम्पिटिशन भी काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसे ध्यान में रखते हुए अब एक नया एग्जाम लाया गया है, जो मास्टर्स एडमिशन के लिए जरूरी होगा।

जर्मनी की एकेडमिक इवैल्यूएशन सेंटर वेरिफिकेशन प्रक्रिया के तहत एक नया डिजिटल मास्टर असेसमेंट टेस्ट यानि डीमेट अनिवार्य किया जा रहा है। अगर आप 2027 में जर्मनी में एडमिशन लेना चाहते हैं, तो अब आपको यह एग्जाम देना होगा, जो एपीएस डॉक्यूमेंटेशन प्रोसेस का हिस्सा है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस एग्जाम की तैयारी किस तरह करनी होगी और ये एग्जाम किसके लिए है।

## डीमेट एग्जाम क्या है?

यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है, जो कुछ खास मास्टर्स प्रोग्राम में एडमिशन लेना चाहते हैं। इसके जरिए स्टूडेंट की बौद्धिक क्षमता, एनालिटिकल थिंकिंग, लॉजिकल रीजनिंग और सब्जेक्ट को लेकर उसकी जानकारी को चेक किया जाता है। ये एग्जाम भारत के कुछ प्रमुख शहरों में स्थित सेंटर्स पर डिजिटल मोड में करवाया जाएगा।

## डीमेट एग्जाम किसे देना है?

एग्जाम जर्मनी में एडमिशन के लिए अप्लाई करने वाले हर स्टूडेंट के लिए है जो इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंफॅार्मेशन टेक्नोलॉजी, कॉमर्स, अकाउंटिंग, फइनेंस, इकोनॉमिक्स, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या मैनेजमेंट से जुड़ा मास्टर्स कोर्स करना चाहते हैं।

## एग्जाम का पैटर्न कैसा है?

इस एग्जाम को दो हिस्सों में बांटा गया है, जिसमें पहला कोर मॉड्यूल और दूसरा सब्जेक्ट मॉड्यूल हैं। कोर मॉड्यूल के जरिए स्टूडेंट की सामान्य अध्ययन क्षमता और संज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) स्किल को चेक किया जाता है। कोर मॉड्यूल मुख्य तौर पर तीन सब-टेस्ट में बांटा गया है, जिसमें लॉजिकल रीजनिंग, एनालिटिकल थिंकिंग और कॉग्निटिव स्किल शामिल हैं। सब्जेक्ट मॉड्यूल के जरिए देखा जाता है कि स्टूडेंट ने पिछली पढ़ाई के दौरान जो नॉलेज हासिल की थी, उसके जरिए वह समस्याओं को किस तरह सुलझा सकता है। यह साढ़े तीन घंटे तक चलने वाली परीक्षा है, जिसमें दोनों मॉड्यूल के बीच में एक ब्रेक भी दिया जाएगा एग्जाम में पूछे जाने वाले सभी सवालों के जवाब सिंगल-चॉइस फॉर्मेट में होंगे और ये परीक्षा अंग्रेजी में होगी।

# खबर का असर : स्वतंत्रमत की खबर के बाद कृषि विभाग में हड़कंप

## ग्राम सेवक के किराए के मकान से 90 किलो सरकारी बीज जब्त, अब विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे बड़े सवाल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

किसानों के लिए सरकार द्वारा भेजे गए प्रमाणित बीज आखिर खेतों तक पहुंच रहे हैं या फिर सरकारी कर्मचारियों के घरों में डंप हो रहे हैं? यह सवाल अब इसलिए खड़ा हो गया है क्योंकि स्वतंत्रमत द्वारा कृषि विभाग में बीजों की कथित अफरा-तफरी को लेकर प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद विभाग को कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा। खबर प्रकाशित होते ही कृषि विभाग के अधिकारियों ने जांच दल गठित कर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्राम सेवक) सलील दीक्षित के पूर्व किराए के मकान पर दबिश दी, जहां से 90 किलो सरकारी बीज बरामद किया गया। इस कार्रवाई के बाद पूरे कृषि विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, कटंगी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हरिचंद डहेरिया के अधीन कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सलील दीक्षित देवरी, बासी और नंदौरा ग्रामों का कार्य देख रहे थे। रबी वर्ष 2026 में किसानों को वितरण के लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा तिल, उड़द, चना, सरसों, राई और मूंग के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए गए थे। इन बीजों का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना था, लेकिन स्वतंत्रमत को मिली जानकारी के अनुसार किसानों तक पहुंचने वाले कुछ बीज कथित रूप से निजी कब्जे में रखे जा रहे थे।

इसी गंभीर मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद 10 जुलाई को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हरिचंद डहेरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने कटंगी स्थित उस किराए के मकान की तलाशी ली, जहां सलील दीक्षित पहले रहते थे। तलाशी के दौरान तीन बोरियों में रखा 10 किलो तिल और 80 किलो उड़द, कुल 90 किलो सरकारी बीज बरामद हुआ। जब्त बीज को कृषि विभाग ने अपने कब्जे में लेकर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय चिकमारा में सुरक्षित रख दिया है तथा विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है।




कलेक्टर से मत कहना...नौकरी चली जायेगी

### सबसे बड़ा सवाल... किसानों का बीज कर्मचारी के घर कैसे पहुंचा?

कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब यह बीज किसानों को वितरित किया जाना था, तब वह सरकारी कर्मचारी के किराए के मकान तक कैसे पहुंच गया? यदि बीज वितरण हो चुका था तो फिर यह स्टॉक वहां क्यों रखा गया था? और यदि वितरण नहीं हुआ था तो इसकी सूचना विभाग को क्यों नहीं थी? यह पूरा मामला कृषि विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब निगाहें विभागीय रिकॉर्ड पर टिकी हैं।

बीज वितरण प्रणाली पर संदेह गहराया

कृषि विभाग की इस कार्रवाई ने पूरे जिले की बीज वितरण प्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। किसानों का आरोप है कि हर वर्ष प्रमाणित बीज की कमी बताई जाती है, जबकि दूसरी ओर सरकारी बीज कर्मचारियों के घरों से बरामद हो रहे हैं। इससे यह आशंका और मजबूत हुई है कि किसानों के हिस्से का बीज कथित रूप से बिचौलियों तक पहुंचाया जा रहा है और सरकारी रिकॉर्ड में वितरण दिखाकर पूरी प्रक्रिया को वैध साबित किया जाता है।

### जांच से खुल सकते हैं कई बड़े राज

सूत्रों का मानना है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई और बीज वितरण के रिकॉर्ड, गोदाम स्टॉक तथा किसानों के सत्यापन का मिलान कराया गया, तो जिले में वर्षों से चल रही कथित अनियमितताओं का बड़ा खुलासा हो सकता है। फिलहाल विभाग ने बीज जब्त कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब किसानों की नजर इस बात पर है कि दोषियों पर केवल विभागीय कार्रवाई होगी या फिर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### कार्यवाही जब्ती तक सीमित न रह जाए...

ग्राम सेवक के किराए के मकान से 90 किलो सरकारी बीज बरामद होना अपने आप में गंभीर मामला है। ऐसे में केवल बीज जब्त कर औपचारिकता पूरी कर देना पर्याप्त नहीं होगा। यह भी जांच का विषय है कि यह बीज वहां कैसे पहुंचा, किसके निर्देश पर रखा गया, विभागीय रिकॉर्ड में इसका वितरण किसके नाम दर्शाया गया है और इस पूरी प्रक्रिया में किन-किन अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका रही। यदि जांच निष्पक्ष हुई तो बीज वितरण व्यवस्था में वर्षों से चली आ रही कथित अनियमितताओं की परतें खुल सकती हैं। अगले अंक में पढ़िए- जिले में प्रमाणित बीज वितरण प्रणाली की परत-दर-परत पड़ताल, कैसे किसानों के हिस्से का सरकारी बीज कथित रूप से बिचौलियों तक पहुंचता है और रिकॉर्ड में वितरण की पूरी कहानी।

## खैरलांजी में सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति, गिरीश बिसेन को मिली जिम्मेदारी



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत खैरलांजी में सांसद प्रतिनिधि के रूप में श्री गिरीश बिसेन को मनोनीत किया गया है। 10 जुलाई को जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार गिरीश बिसेन पिता रोशन लाल बिसेन, निवासी ग्राम भजियादण्ड को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया गया है कि उनकी नियुक्ति जनपद पंचायत खैरलांजी क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों एवं विकास योजनाओं के समन्वय को ध्यान में रखते हुए की गई है। सांसद प्रतिनिधि के रूप में वे क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को संबंधित विभागों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए प्रतिनिधि के आने से विकास कार्यों में तेजी आ सकती है और लंबित समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

## नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय परिसर में हुआ पौधारोपण विधायक मधु भगत ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**परसवाड़ा(स्वतंत्र मत)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को परसवाड़ा के नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। पौधों के संरक्षण एवं सुरक्षित विकास के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए तथा पौधारोपण के दौरान आरसीएम कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए जैविक खाद का उपयोग किया गया। इस अवसर पर विधायक मधु भगत ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका पालन-पोषण और संरक्षण भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने खेती एवं बागवानी में जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

## अस्पताल से लापता बुजुर्ग का क्षतविक्षत हालत में मिला शव

### पलशे की झाड़ियो में था पड़ा, पुलिस ने शव बरामद कर जांच की शुरू

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 33 के खाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग का शव मिला है। शव क्षतविक्षत हालत में पलसे की झाड़ियो में पड़ा था। जिसकी सूचना के बाद कोतवाली थाना प्रभारी अजय गुर्जर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोपहर में मिले शव के बारे में पतासाजी की गई तो पता चला कि शव, 3 जुलाई की शाम अस्पताल से लापता मरीज, लामता थाना क्षेत्र के बुड़ियागांव निवासी शिखरचंद मरकाम का है। जिसे पैर में गंभीर चोट होने के कारण, परिजन, एक जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराए थे। दरअसल, कोतवाली थाने में 4 जून को एक गुमशुदगी दर्ज की गई थी। शनिवार को जब शव मिला तो पुलिस ने सबसे पहले, गुमशुदा के परिजनो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद बेटा और दामाद के साथ पहुंचे अन्य रिश्तेदारों ने मृतक की पहचान, उसके चड्ढा, शर्ट और मलहम की डिब्बी से की। दामाद दुर्गेश इड़पांचे ने बताया कि ससुर को 1 जुलाई को जिला अस्पताल में पैर में गंभीर घाव के चलते, भर्ती कराया गया था। जहां उनका बेटा धर्मेन्द्र मरकाम, उनकी देखरेख कर रहा था। 3 जून को जब धर्मेन्द्र मरकाम, बुड़ियागांव आया तो पिता, अस्पताल से लापता हो गए थे। जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई थी।



### इनका कहना है

घटनास्थल के पास ही खेत में काम करने वालो से किसी अज्ञात शव होने की जानकारी मिली थी। घटनास्थल में मिले शव, सात-आठ दिन पुराना प्रतित होता है, हालांकि मौत कब, कैसे हुई, यह अभी साफ नहीं है। शव खराब हालत मिला है, जिसके पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि मौत कैसे हुई है।

**अजय गुर्जर, थाना प्रभारी कोतवाली**

## भरौला सड़क हादसे मे जीवित बची युवती की भी हुई मौत

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत सिविल लाइन चौकी के समीप भरौला स्थित सिध्द बाबा के पास विगत दिवस हुए सड़क हादसे में एक मात्र जीवित बची युवती की मौत हो जाने का समाचार प्रकाश में आया है। विदित हो कि विगत दिवस कोतवाली थाना क्षेत्र की सिविल लाइन चौकी के समीप भरौला स्थित सिद्ध बाबा इलाके में तेज रफ्तार अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतना भयावह था, कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मासूम सहित चार लोगों की घटना स्थल पर पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल थी। गंभीर रूप से घायल खुशबू की सांसें जिला अस्पताल में ही थम चुकी थीं लेकिन डॉक्टरों ने तत्काल सीपीआर देकर उसे पुनर्जीवित किया, जिससे उसकी सांसें वापस लौट आईं। घायल युवती को शासकीय जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद उसके गंभीर स्थिति के कारण उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया था। लेकिन इलाज के दौरान बीते दिन उसकी सांसे थम गई।



## मारपीट करने पर मामला कायम

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बरबसपुर मे आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालोज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार रेनू चौधरी पति अशोक चौधरी उम्र 27 साल निवासी ग्राम बरबसपुर की शिकायत पर आरोपी अशोक कुमार रैदास पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## अवैध मदिरा जब्त

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम सेहराटोला में आरोपी व्दारा अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा था। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले मे आरोपी मोतीलाल प्रजापति निवासी सेहराटोला पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 36 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की है, जिसकी कीमत 3060 रूपये एवं बोल्ट बियर 08 नग कीमत 1120 रूपये कुल कीमत 4180 रूपये की शराब जप्त की है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## पानी मे डूबने से वृध्द की मौत

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** मानपुर थाना अंतर्गत पानी मे डूबने से वृध्द की मौत हो गई। जानकारी अनुसार वृध्द का नाम राज कुमार गुप्ता पिता निवासी मढिया टोला मानपुर बताया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया के अध्यक्ष प्रिय दर्शन शर्मा के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2026 को प्रात: 10 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई. एक्ट) की धारा 138 के अंतर्गत लंबित चेक बाउंस प्रकरणों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है। विशेष लोक अदालत में ऐसे मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें चेक की राशि 50,000 से कम है। पक्षकारों को बिना लंबी न्यायिक प्रक्रिया के आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का अवसर मिलेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का बोझ भी कम होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित पक्षकारों से अपील की है कि वे इस विशेष लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपसी समझौते के आधार पर अपने प्रकरणों का निराकरण कराकर न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

## पहली तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ मॉयल ने तय किए महत्वाकांक्षी लक्ष्य: सुरेश

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



देश की अग्रणी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए उत्पादन और बिक्री के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक वी. सुरेश ने कर्मचारियों को संबोधित संदेश में बताया कि जून 2026 में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 1.70 लाख टन रहा, जो स्थापना के बाद किसी भी जून माह का सर्वाधिक उत्पादन है। पहली तिमाही के दौरान कुल उत्पादन 5.08 लाख टन तक पहुंच गया, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च तिमाही उत्पादन है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। बिक्री के क्षेत्र में भी मॉयल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहली तिमाही में 3.68 लाख टन अयस्क की बिक्री की, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 3.56 लाख टन था। प्रबंधन के अनुसार यह सफलता खदानों में कार्यरत कर्मचारियों, सुरक्षा टीमों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा प्रशासनिक इकाइयों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इन उपलब्धियों के साथ कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं। मॉयल का उद्देश्य चालू वर्ष में 25.85 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करना, लगभग 2,130 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करना तथा अनुसंधान एवं विकास पर 20 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करना है। इसके अतिरिक्त 800 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई गई है तथा उत्पादन लागत को घटाकर लगभग 4,730 रुपये प्रति टन तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। वी. सुरेश ने कहा कि इतिहास उन्हीं का होता है जो बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से उत्कृष्टता, अनुशासन और टीम भावना को बनाए रखने का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि मॉयल आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएगी और देश के औद्योगिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को और सुदृढ़ करेगी।

## चंदिया में वनकर्मियों पर हमला

### तीन घायल, चौकी की चाबी लेकर आरोपी फरार

उमरिया (स्वतंत्र मत)

जिले के चंदिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरवार-25 के कुदरी टोला में वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला किए जाने का मामला प्रकाष में आया है। वन कर्मियों ने बताया की हमलावर आरोपी मिथुन बैगा जंगल की जमीन में जुताई कर रहा था, जिसे मना करने गए वन कर्मियों पर जान लेवा हमला कर दिया गया। आरोप है कि नरवार-25 निवासी मिथुन बैगा ने वनकर्मियों पर लोहे की सब्बल से हमला कर दिया। घटना में वनकर्मी सतेंद्र प्रजापति, विमलेश गुप्ता और चौकीदार संतोष यादव घायल हो गए। सभी घायलों ने चंदिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपी ने वनकर्मी सतेंद्र प्रजापति की बाइक भी लोहे की सब्बल से क्षतिग्रस्त कर दी। इतना ही नहीं, बाइक की चाबी भी निकालकर अपने साथ ले गया। बताया जा रहा है कि उसी चाबी के गुच्छे में वन चौकी की चाबी भी लगी हुई थी, जिसके चलते वन चौकी फिलहाल बंद पड़ी है। इस घटना ने वन विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी चंदिया वन परिक्षेत्र के सलैया गांव में कथित रेत माफियाओं द्वारा वनकर्मियों पर हमला किया गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर वन अमले पर हमले करने वालों में कानून का भय क्यों कम होता जा रहा है। फिलहाल चंदिया पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है, और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## वैश्विक जनसंख्या मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी के संरक्षण में आयोजित किया गया। वैश्विक जनसंख्या मुद्दे और उसके सामाजिक आर्थिक एवं विकासात्मक परिणाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। वर्ष 2026 की 'युवाओं की आकांक्षाओं एवं सपनों को साकार करना' थीम आधारित बढ़ती आबादी की चुनौतियां, युवा सशक्तिकरण एवं सतत विकास के उद्देश्य पर आधारित कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. अपूर्वा दाहयत प्रभारी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्रो. रेम सिंह कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ राजीव तिवारी प्रभारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ सहित महाविद्यालय की समस्त शैक्षिक एवं गैर शिक्षण स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## सड़क में कीचड़ ने लगा दिया एम्बुलेंस के पहिए में ब्रेक..!

### प्रसूता को कंधे पर ढोने को मजबूर परिजन

उमरिया (स्वतंत्र मत)

जिले की ग्राम पंचायत देवरा में बदहाल सड़क ने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी। सड़क पर कीचड़ होने से एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को परिजनों ने कंधे पर उठाकर राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंचाया। दरअसल मामला ग्राम पंचायत देवरा का है, जहाँ सड़क में कीचड़ होने के कारण कोई भी वाहन गाँव नहीं पंहुच पा रहा है। और इसी वजह से प्रसव पीड़ित महिला के परिजनों ने जब 108 एम्बुलेंस को कॉल किया तो एम्बुलेंस चालक ने गाँव के भीतर एम्बुलेंस लाने से मना कर दिया, जिसके बाद परिजन प्रसव पीड़िता को कांधे में लाद कर नेशनल हाईवे तक पंहुचे। प्रसव पीड़ित महिला के परिजनों ने जब 108 एम्बुलेंस को कॉल किया तो एंबुलेंस गांव तक तो पहुंची, लेकिन नेषनल हाईवे सड़क में खड़े होकर ही इंतजार किया। ग्रामीणो की माने हाईवे पहुंच मार्ग से गांव की ओर जाने वाला मार्ग कीचड़ से सराबोर होने के कारण गाड़ी फंसने के भय से चालक ने गांव में गाडी ले जाने से इंकार कर दिया और प्रसव पीड़ित महिला को हाइवे में खड़े एंबुलेंस वाहन तक लाने को कहा। प्रसव पीड़ित महिला को उसके परिजनों और कुछ ग्रामीणों की मदद से कंधे पर उठाकर किसी तरह नेषनल हाइवे तक लाया गया, जहाँ पहले से खड़ी एंबुलेंस इंतजार कर रही थी, जिसके बाद एम्बुलेंस उसे अस्पताल लेकर पंहुची और प्रसूता ने सुरक्षित बच्चे को जन्म दिया। हालांकि इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है।



# जेईई नीट सीयूईटी क्लेट प्रतियोगी परीक्षाओं की डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से छात्र करेंगे तैयारी

## मंत्री संपतिया उइके ने किया प्रोजेक्ट संकल्प का शुभारंभ





मण्डला (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर की विशेष पहल पर जिले के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट संकल्प का शुभारंभ किया गया। जिला योजना भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने दीप प्रज्वलन कर किया और सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रोजेक्ट संकल्प को लॉच किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट संकल्प अत्यंत सराहनीय और दूरदर्शी पहल है। इससे जिले के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस योजना की जानकारी अपने परिवार और आसपास के अन्य बच्चों तक भी पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने वाली है। गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आधुनिक संसाधनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह नवाचार निश्चित रूप से जिले के शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। प्रोजेक्ट संकल्प पर जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट जिले की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी का समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में जिले के 80 शासकीय विद्यालयों में विद्यालय समय से पहले प्रात: 9:30 से 11 बजे तथा विद्यालय समय के बाद शाम 4:30 से 5 बजे तक नि:शुल्क कोचिंग संचालित की जाएगी। इसके लिए प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था फिजिक्स वाला के साथ समन्वय किया गया है। विद्यार्थियों को रिकॉर्डेड लेक्चर, डाउट क्लियरिंग सेशन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन की सुविधा भी मिलेगी।

प्रोजेक्ट संकल्प के संबंध में एपीसी मुकेश पांडे ने बताया कि जिले में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लगभग 85 प्रतिशत विद्यार्थी उचित मार्गदर्शन के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते थे तथा कई विद्यार्थियों को बेहतर कोचिंग के लिए पलायन करना पड़ता था। इसी आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर की परिकल्पना पर प्रोजेक्ट संकल्प शुरू किया गया है। प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों को जेईई नीट सीयूईटी एवं क्लेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, साप्ताहिक टेस्ट, मॉक टेस्ट, ओएमआर आधारित परीक्षा, मेंटरशिप, फॉर्म भरने में मार्गदर्शन तथा करियर विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों इंजीनियरों के गेस्ट लेक्चर की सुविधा मिलेगी। प्रोजेक्ट संकल्प के तहत न सिर्फ जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जायेगी बल्कि कौशल विकास आधारित शैक्षणिक व्यवस्था विकसित करना भी इसका उद्देश्य है। जिसके लिए कक्षा 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर फोकस रखा जायेगा। प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु एमसीक्यू आधारित मासिक परीक्षाएं ग्रेडिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग टॉपर क्लब, रिमेडियल कक्षाएं, मॉडल उत्तर, अभिभावक-शिक्षक बैठक तथा प्रत्येक माह उत्कृष्ट विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्यों के सम्मान जैसे प्रेरक माध्यम अपनाए जायेंगे।

इस अवसर पर करियर मार्गदर्शन पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तिका का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषयवार करियर विकल्पों प्रतियोगी परीक्षाओं आवश्यक योग्यता एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इसके साथ ही करियर पाथ पोस्टर का विमोचन भी किया गया। यह सामग्री विद्यार्थियों को विषय चयन उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इसे विद्यालयों पंचायतों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ के स्थान पर कलम एवं पुस्तक भेंट कर किया गया। शिक्षा विभाग की इस अभिनव पहल की सभी अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा कि यह ज्ञान और शिक्षा के प्रति सम्मान का प्रतीक है तथा इस पहल को जरूरतमंद विद्यार्थियों तक अवश्य पहुंचाया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



## पैरा लीगल वालंटियर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** बच्चों के मुद्दे अति संवेदनशील हैं और खासकर तब जबकि बच्चों के साथ लैंगिक शोषण की घटना घटित हुई हो ऐसे में बच्चों के मुद्दों पर सक्रियता से काम करने की आवश्यकता है एक पैरा लीगल वालंटियर के रूप में हम बच्चों और विधिक व्यवस्था व अन्य संरचनाओं के संदर्भ में एक सेतु की तरह काम कर सकते हैं ताकि बच्चों को न केवल विधिक बल्कि मनो सामाजिक और अन्य सहायतायें मिल सकें यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए मंडला के जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबरागढ़े ने होटल पर्ल रेसीडेंसी में डीएलएसए और संस्था आवाज के संयुक्त आयोजन अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर पीएलव्ही के एक दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कही। इस मौके पर भोपाल से आए आवाज संस्था के निदेशक और प्रशिक्षण के मुख्य संदर्भ व्यक्ति प्रशांत दुबे ने बताया कि भारत के हर दूसरे बच्चे 53 प्रतिशत ने यह स्वीकार किया है कि उनके साथ एक या एक से अधिक तरह का लैंगिक शोषण हुआ है जो कि गंभीर संकेत है इसलिये पौक्सो कानून हमारे देश में लागू किया गया उन्होंने कानून के प्रावधानों को उदाहरण सहित समझाया उन्होंने बताया कि एक पीएलव्ही होने के नाते आप किस तरह से लैंगिक शोषण से पीड़ित बच्चों की थाने से लेकर न्यायालय तक मदद कर सकते हैं। वहीं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र गुप्ता ने जिले में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं और सेवाओं से जुड़ी जानकारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायाधीश की शक्तियों वाली पीठ 24 घंटे बच्चों से जुडी समस्याओं पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आवाज संस्था के जिला समन्वयक सत्यनारायण डेहरिया ने मंडला की स्थानीय प्रथाओं और कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये किस तरह से बाल अधिकार की सुनिश्चिति में बाधक है उन्होंने बताया कि एक पीएलव्ही के रूप में आप किस तरह से लैंगिक शोषण के पीड़ित बच्चों की मदद कर सकते हैं।

## उर्वरक वितरण पर बैठक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिले में खरीफ सीजन के लिए उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित बैठक में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिले में अब तक 64,772 किसानों को 25,774 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण बिना किसी परेशानी के किया जा चुका है।

### 18 तक चलेगा अभियान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण एवं परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक स्वामी सीताराम वार्ड क्रमांक-11 से किया गया। यह अभियान 11 जुलाई से 18 जुलाई तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### नवीन जेल का होगा निर्माण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला जेल को शहर के बाहर नवीन जेल भवन निर्माण कर शिफ्ट किये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया कलेक्टर ने कहा कि नवीन जेल भवन के लिए मंडला अनुविभाग की पंचायत बोरिया में जमीन चिन्हांकित की गई है संबंधित भूमि के आवंटन के लिए आज ही आवेदन करें जिससे प्रकरण आगामी मंगलवार को होने वाली नजूल निर्वतन समिति की बैठक में लेकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया कराई जा सके उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में भूमि का आवंटन करवाना सुनिश्चित करें कलेक्टर ने कहा कि तैयार किये प्रस्ताव को एक बार पुन: चेक करें बनाये गए प्रस्ताव में मूल कामों के साथ-साथ जिन अन्य कार्यों को लिया गया है उनकी प्राथमिकता का क्रम निर्धारित करें।

### कामाख्या शक्ति पीठ बस रवाना

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 196 वरिष्ठ नागरिकों का दल शनिवार को मां कामाख्या शक्ति पीठ के दर्शन के लिए रवाना हुआ। जिला योजना भवन परिसर के सामने आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बसों को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को विदा किया। श्रद्धालुओं का यह दल बसों के माध्यम से पहले नैनपुर पहुंचेगा जहां से आगे की यात्रा रेल द्वारा की जाएगी।

## पेंशनर की बैठक आयोजित

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** नारायणगंज तहसील शाखा की बैठक स्थानीय गायत्री मंदिर में शाखा अध्यक्ष श्रीनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में तथा बी के राय जिलाध्यक्ष, एनके शुक्ला जिला सचिव, एसके पटेल जिला उपाध्यक्ष आरके एस चौहान तथा डीआर रघुवंशी जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई प्रारंभ में मां गायत्री की पूजा की गई फिर तहसील अध्यक्ष श्रीनाथ ठाकुर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एसके पटेल ने नारायणगंज शाखा के संगठनात्मक विचार रखे। इस अवसर पर नवप्रवेशित जीवन लाल यादव सेवानिवृत एच एम तथा शंकरलाल यादव सेवानिवृत भृत्य का शाल श्रीफल भेंटकर पेंशनर परिवार में शामिल किया गया अंत में नारायणगंज अध्यक्ष श्रीनाथ ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

## अतिवर्षा को लेकर समीक्षा

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** अतिवर्षा की संभावित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बैठक लेकर विभिन्न विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्ट्रेट स्थित गोलमेज कक्ष में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने जिले में की गई तैयारियों से मंत्री को अवगत कराया। बैठक में एसएलआर हीरालाल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी संबंधित विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट कर दिए गए हैं।

## मनमानी फीस, महंगी किताब नहीं करेंगे बर्दाश्त

मण्डला/नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



विद्यार्थियों के हितों सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय नैनपुर में अनुविभाग अंतर्गत संचालित सभी निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय दण्डाधिकारी नैनपुर आशुतोष सिंह ठाकुर ने की।

इस अवसर पर एसडीओपी नैनपुर थाना प्रभारी नैनपुर, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम 2017 तथा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय प्रबंधन नियम 2020 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसडीएम द्वारा स्पष्ट किया गया कि विद्यालय केवल शासन द्वारा निर्धारित एवं अनुमत शुल्क ही लें तथा किसी भी प्रकार का अतिरिक्त या अवैधानिक शुल्क वसूल नहीं किया जाए। एसडीएम ने विद्यालय संचालकों को यह भी निर्देश दिए कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों पर किसी विशेष दुकान या विक्रेता से पुस्तकें गणवेश अथवा अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने का दबाव न बनाया जाए। साथ ही महंगे निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए भी अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जाए। विद्यालयों को केवल शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक अध्ययन सामग्री निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए बड़े विद्यालयों में फायर सेफ्टी के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, समय-समय पर उनके परीक्षण, फायर सेफ्टी प्लान तैयार रखने तथा आपदा प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

निर्देश दिए गए कि स्कूल वैन एवं अन्य परिवहन वाहन मोटरयान अधिनियम तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। सभी वाहनों में वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र परमिट बीमा अनुभवी चालक प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विद्यालय एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता पर व्यापारियों के साथ बैठक

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



नगर पालिका परिषद द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगर पालिका परिसर स्थित टाउन हॉल में व्यापारी संघ एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, वार्ड पार्षद विनय वरदानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे बैठक में स्वच्छता नोडल अधिकारी सुश्री रुखसार अली ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की विस्तृत जानकारी देते हुए कचरे के पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण के संबंध में व्यापारियों को जागरूक किया। अनुविभागीय अधिकारी ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में एकत्रित करें तथा नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहन को ही सौंपें साथ ही प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करने का आग्रह किया गया नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर मंडला के निर्माण के लिए सभी व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है उन्होंने स्वयं व्यापारिक क्षेत्रों का भ्रमण कर दुकानों में डस्टबिन रखने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने तथा बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करने की अपील की नगर पालिका ने बताया कि 10 जुलाई को कमानिया गेट स्थित खाई की सफाई के दौरान लगभग 8 से 9 टन प्लास्टिक पॉलीथिन एवं अन्य ठोस अपशिष्ट निकाला गया जो पर्यावरण के प्रति लापरवाही का बड़ा उदाहरण है।

## माताजी के आगमन पर भव्य स्वागत

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज की शिष्या पूज्य आर्यिका मां विमलमति माताजी ससंघ का सम्मेद शिखर की यात्रा पूर्ण कर पुन: मंडला आगमन पर जैन समाज द्वारा श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। डिंडौरी से मंडला पहुंचने के दौरान आमानाला स्थित हथकरघा दयोदय गौशाला में आर्यिका मां की आहारचर्या संपन्न हुई इसके बाद छोटी खैरी में विराजमान आर्यिका मां उपशांतमति माताजी ससंघ स्वयं पहुंचकर आर्यिका मां विमलमति माताजी से मिले लंबे समय बाद हुए इस आत्मीय मिलन का दृश्य अत्यंत भावुक रहा मिलते ही आर्यिका मां उपशांतमति माताजी की आंखों से श्रृद्धा और भाव-विभोरता के आशू छलक पड़े जिसे उपस्थित श्रृद्धालुओं ने अत्यंत भावपूर्ण क्षण के रूप में अनुभव किया नगर आगमन पर आर्यिका मां उपशांतमति माताजी ससंघ एवं बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों ने पूज्य आर्यिका संघ की अगवानी की श्रृद्धालुओं ने जयघोष मंगलगीत एवं भक्ति के साथ स्वागत किया जैन समाज की विभिन्न समितियों एवं महिला-पुरुष मंडलों ने भी पूरे उत्साह के साथ स्वागत कार्यक्रम में सहभागिता निभाई आर्यिका संघ ने नगर भ्रमण करते हुए पार्श्वनाथ जिनालय महावीर जिनालय एवं शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और धर्मलाभ प्राप्त किया।



### विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को आकार देने की पहल

## प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों के लिए नगर में ही तैयार किया जाएगा होनहारों को

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर एवं उसके ग्रामीण अंचलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को आकार देने के लिए स्थानीय प्रशासन एक सार्थक और दूरदर्शी पहल की दिशा में अग्रसर है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी आशुतोष महादेव ठाकुर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं तथा महाविद्यालयीन युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।





इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रतिभाशाली और इच्छुक विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट तथा सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए समय-समय पर करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महानगरों की प्रतिष्ठित कोचिंग एवं शैक्षणिक संस्थाओं से विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों को उचित दिशा प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, नैनपुर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलकर विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हुए प्रतिभावान व्यक्तियों के अनुभव और संघर्ष की कहानियों को भी विद्यार्थियों के समक्ष रखा जाएगा, ताकि वे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पित हो सकें। यह प्रयास विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नगर में शिक्षा के प्रति सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण निर्मित करने की दिशा में यह पहल एक अभिनव कदम के रूप में देखी जा रही है। बैठक में संस्कारधानी जबलपुर से पधारे शिक्षाविद् सिद्धार्थ गौतम की उपस्थिति विशेष रही। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों में आत्मप्रेरणा जागृत करने, उनकी क्षमताओं को पहचानने तथा उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने के प्रभावी सूत्र साझा किए।

समग्र रूप से यह पहल नैनपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित हो सकती है।

## इंटेक ने लगाए फलदार पौधे

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** इंटेक राष्ट्रीय संस्कृति निधि चैप्टर द्वारा ग्राम पंचायत गोंझी में फलदार पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया पर्यावरण संरक्षण ग्रामीण आर्थिक विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नर्मदा परिक्रमा पथ पर भी पौधारोपण किया गया ताकि परिक्रमा करने वाले श्रृद्धालुओं को भविष्य में वृक्षों की छाया और प्राकृतिक वातावरण का लाभ मिल सके। इंटेक के सदस्यों ने किसानों एवं ग्रामीणों को उन्नत किस्म के आम, पपीता, आंवला, मुनगा, बेल सहित अन्य फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में स्वामी रामदास महाराज, ग्राम सरपंच विश्राम कुशराम, इंटेक के संयोजक अरुण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय सिंगौर, सुनील अग्रवाल, राजेश क्षत्री सहित पर्यावरण प्रेमी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फंदे पर लटका मिला युवक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामबाग के कछार टोला में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ढेको सकवाह निवासी विकास चंद्रोल के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार युवक का शव पेड़ की डाल से लाल रंग के कपड़े के फंदे से लटका हुआ था जबकि उसका निचला हिस्सा नीचे खड़ी नीले रंग की मोटरसाइकिल की सीट पर घुटनों के बल टिका हुआ दिखाई दे रहा था। घटना की यह असामान्य स्थिति स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी।



बिना छिदे भी कानों को मिलेगा

## मॉडर्न लुक के लिए स्टाइलिश स्टेटमेंट बना ईयरकफ्स

अधिकतर भारतीय महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश और परफेक्ट बनाने के लिए एक से एक एक्सेसरीज शामिल करती है। ऐसे में अगर आप भी एक्सेसरीज पहनने का शौक रखती हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है।



### व्हाइट स्टोन ईयरकफ

अगर आप भी किसी खास फंक्शन या इवेंट में अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के व्हाइट स्टोन ईयरकफ को किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ शामिल कर अपनी खूबसूरती को दोगुना कर सकती हैं। ऐसे ईयरकफ के डिजाइन आपको ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर मिल जाएंगे।

### गोल्ड विंग ईयरकफ

अगर आप किसी खास फंक्शन में भीड़ से हटकर लुक पाना चाहती हैं और इसके लिए साड़ी पहन रही हैं, तो साड़ी वाले लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप इस तरह के गोल्ड विंग ईयरकफ को शामिल कर सकती हैं। ऐसे ईयरकफ के डिजाइन आपके चेहरे की खूबसूरती को दोगुना कर देंगे और परफेक्ट लुक देने में मदद करेंगे।

### पर्ल व्हाइट ईयरकफ

आपके लिए इस तरह का लेटेस्ट और नए डिजाइन वाला पर्ल व्हाइट ईयरकफ भी बेस्ट हो सकता है, जिसे आप नजदीकी बाजार में किसी भी ज्वेलरी शॉप से खरीद सकती हैं। ऐसे ईयरकफ को आप न सिर्फ साड़ी, बल्कि किसी भी तरह के आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं।

### मल्टीलेयर स्टोन वर्क

अगर आपको भी एक से एक खूबसूरत ज्वेलरी पहनने का बहुत शौक है और आप कई तरह की ज्वेलरी ट्राई करती रहती हैं, तो परेशान होने के बजाय आप इस तरह की ट्रेंडी मल्टीलेयर स्टोन वर्क ईयरकफ डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। ऐसे ईयरकफ इन दिनों अधिकतर महिलाओं को पसंद आ रहे हैं, जो आपके लिए भी परफेक्ट हो सकते हैं। जिसे आप शादी-पार्टी में भी पहन सकती हैं। मल्टीलेयर में मल्टी स्टोन भी ट्राई कर सकती हैं, जो कि आपकी हर साड़ी और हर ड्रेसेस के साथ मैच हो जाएंगे।

### सिल्वर-टोन्ड ब्रास

अगर आप भी अपने लुक को परफेक्ट और स्टाइलिश बनाने के लिए एक से एक खूबसूरत एक्सेसरीज शामिल करती हैं, तो अब आप एक्सेसरीज में इस तरह के सिल्वर-टोन्ड ब्रास ईयरकफ ईयररिंग्स शामिल कर सकती हैं। ऐसे ईयरकफ ईयररिंग्स न सिर्फ आपके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके पूरे साड़ी या ट्रेडिशनल लुक को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

आपको कूल रखती हैं ... बहुत एलीगेंट लुक भी देती हैं

## लॉन्ग ड्रेसेस...कम्फर्ट का परफेक्ट कॉम्बिनेशन

मौसम का फैशन पूरी तरह से इस बारे में है कि आप अपने स्टाइल से समझौता किए बिना भी कूल कैसे रहें। दिन के कैजुअल लुक से लेकर शाम के स्टाइलिश आउटफिट तक सही कपड़ों का चुनाव आपको आरामदायक और सहज रूप से स्टाइलिश महसूस करा सकता है। लॉन्ग ड्रेसेस (मैक्सी ड्रेसेस) स्टाइल और कम्फर्ट का परफेक्ट कॉम्बिनेशन होती हैं। ये न सिर्फ आपको कूल रखती हैं, बल्कि बहुत एलीगेंट लुक भी देती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस

फ्लोरल प्रिंट हमेशा ट्रेंड में रहता है। हल्के रंगों (पेस्टल, पीच, बेबी पिंक) में फ्लोरल मैक्सी ड्रेस पहनने से फ्रेश और सॉफ्ट लुक मिलता है। डे आउटिंग, ब्रंच या शॉपिंग के लिए परफेक्ट है।

### कॉटन या लिनन मैक्सी ड्रेस

कॉटन और लिनन फैब्रिक सबसे ज्यादा आरामदायक होते हैं। ये पसीना सोखते हैं और बॉडी को ठंडा रखते हैं। डेली वियर या ट्रैवल के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है।

### पोल्का डॉट ड्रेस

पोल्का डॉट्स बहुत ज्यादा ट्रेंड में हैं। यह प्रिंट मैक्सी ड्रेस स्टाइल पर एकदम सही लगता है और आजकल इसके बहुत सारे ऑप्शन मौजूद हैं। एक चमकीले रंग के हैंडबैग के साथ इसमें थोड़ा रंग भरें।

### टी-शर्ट ड्रेस

टी-शर्ट ड्रेस के साथ आप कभी गलत नहीं हो सकतीं। यह हवादार और स्टाइलिश होती है और इसे पहनने के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं पड़ती। लेदर फ्लिप-फ्लॉप और ध्यान खींचने वाली बालियोंके साथ अपने लुक को और भी स्मार्ट बनाएं।

**वेस्ट मैक्सी ड्रेस** वेस्ट मैक्सी ड्रेस को अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। इसे पहनना बहुत आसान है और यह गर्म, धूप वाले दिनों के लिए एकदम सही है। अपने लुक को और भी दिलचस्प बनाने के लिए अपनी ज्वेलरी को लेयर करके पहनें।



### क्रोशे मैक्सी ड्रेस

अपनी क्रोशे मैक्सी को सिर्फ छुट्टियों के लिए बचाकर न रखें। क्रोशे ड्रेस खास पहनावे में से एक है। यह हवादार लिनन और हल्के कॉटन ड्रेस, मैचिंग सेट और ऐसे आसान कपड़ों की तरह ही है, जिन्हें आप बार-बार पहनना पसंद करेंगी।



### ऑफ-शोल्डर या स्ट्रैपी मैक्सी

ऑफ-शोल्डर या स्पेगेटी स्ट्रैप ड्रेसेस बहुत कूल और स्टाइलिश लगती है। बीच वेकेशन या समर पार्टी में इसे आसानी से कैरी किया जा सकता है।

### स्लिप मैक्सी ड्रेस विद शर्ट

स्लिप मैक्सी ड्रेस पहनना इस मौसम के लिए परफेक्ट है। इसके साथ कमर पर बांधी गई एक ओवरसाइज्ड बटन-डाउन शर्ट न सिर्फ देखने में अच्छी लगती है, बल्कि आपके कंधों को धूप से बचाने में भी काम आ सकती है।

## ग्लैमर्स लुक के लिए ट्राई करें शिमरी आउटफिट खूबसूरती में लग जाएंगे चार-चांद



बी-टाउन नगरी फैशन के मामले में अप-टू-डेट रहती है। नए-नए ट्रेंड्स और फैशन एक्सपेरीमेंट्स सबसे पहले आपको इसी नगरी में ही देखने को मिलेंगे। इन दिनों बी-टाउन दीवाज में शाइनी-शिमरी फैब्रिक का क्रेज खूब देखने को मिल रहा है। शादी हो या कोई अवॉर्ड पार्टी, दीवाज शिमर व सीक्वेंस से सजी हैवी ड्रेसेज पहने नजर आ रही हैं क्योंकि पार्टीवियर ड्रेसेज और इवेंट नाइट के लिए शिमरी फैब्रिक परफेक्ट ग्लैमर्स लुक देता है। भीड़ में आपकी लुक सबसे हटके नजर आती है।

### क्या है शिमर फैब्रिक की खासियत?

शाइनी फैब्रिक हर पैटर्न की ड्रेस और कलर में खिल उठता है। शिमर फैब्रिक में पूरा कपड़ा ही चमकदार होता है। इसी के साथ सीक्वेंस शिमरी ड्रैसेज भी खूब ट्रैंड में हैं जिस पर हैवी सिप्पी सितारों का काम किया जाता है। दरअसल, शिमर और सीक्वेंस, दोनों बोल्ड और हैवी लुक देती हैं। इस तरह के फैब्रिक की एक बड़ी खासियत यह है कि इसके साथ मेकअप चाहे लाइट रखें और एक्सेसरीज वियर ना भी करें तो भी आप ग्लैमर्स ही नजर आएगी। इसीलिए तो पार्टी वियर ड्रैसेज के लिए इस फैब्रिक को बेस्ट ऑप्शन में रखा गया है।

### वेस्टर्न और ट्रेडिशनल, दोनों में ट्राई करें शिमर फैब्रिक





इससे पहले वेस्टर्न ड्रैसेज जैसे गाउन, वन पीस ड्रैस, लान्ग-शार्ट स्कर्ट में ही शिमर की सिलेक्शन की जाती थी लेकिन अब तो ट्रडीशनल आउटफिट जैसे लहंगा, साड़ी, सूट आदि में भी शिमर को काफी पसंद किया जा रहा है। बॉलीवुड की कई दीवाज, साड़ी में इस फैब्रिक की सिलेक्शन कर रही हैं। दीपिका पादुकोण से लेकर शिल्पा शैट्टी तक सब सीक्वेंस और शिमर ड्रैस में एक नहीं कई बार नजर आ चुकी हैं।

### पैंट सूट, जंपसूट भी





बॉलीवुड की इन दीवाज से इंस्पायर होकर आप भी सीक्वेंस व शिमर के स्लीवलेस ब्लाउज, टॉप, साड़ी और गाउन ट्राई कर सकती हैं। सिर्फ ड्रैसे ही नहीं बल्कि शिमरी आई मेकअप भी काफी पसंद किया जा रहा है। बॉलीवुड में शिमर स्टाइल में पैंट सूट, जंपसूट भी काफी पसंद किए जा रहे हैं।

### शिमर-सीक्वेंस में ड्रेस कैरी करने के स्मार्ट टिप्स

सीक्वेंस या शिमरी ड्रैस कैरी करने जा रहे हैं तो ध्यान रहे कि ड्रेस स्किन फिट हो नहीं तो आपका लुक और फिगर खराब दिखेगा। स्लीवलेस सीक्वेंस ड्रेस पहन रही हैं शोल्डर फिटिंग का ध्यान रखें नहीं तो आर्मपिट्स नजर आएंगे। लॉन्ग ड्रैस जैसे वन पीस ड्रेसलॉन्ग ड्रैस जैसे वन पीस ड्रेस,, स्लिट गाउन ट्राई कर रही हैं तो मल्टी की जगह सिंगल कलर सीक्वेंस ड्रैस चूज करें। सीक्वेंस और शिमरी ड्रैस के साथ हैवी मेकअप और एक्सेसरीज पहनने से बचें।

## स्टाइल स्टेटमेंट बन रही हैं ग्रीन डायल प्रीमियम घड़ियां



किसी का भी व्यक्तित्व केवल पहनावे से प्रदर्शित नहीं होता। अगर हाथ में एक आकर्षक घड़ी हो तो व्यक्तित्व में चार चांद लग जाते हैं। आजकल घड़ी केवल समय देखने का साधन नहीं, नई पीढ़ी के लिए यह स्टाइल स्टेटमेंट है। इन दिनों जब हमने बाजार पर नजर डाली तो देखा प्लेटिनम, ब्लैक और ब्राउन के अलावा आइस ब्लू,डेनिम ब्लू और एवरग्रीन (हरे रंग) की घड़ियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं।

### बड़े आकार के डायल में भी

इन दिनों बाजार में डायल के रंगों में नयापन देखने को मिल रहा है। पारंपरिक काले और सफेद के अलावा नीला, हरा, शैंपेन रंग उपलब्ध हैं। यही नहीं, डायल में भी बड़े आकार के ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। लड़के स्ट्रैप से ज्यादा चेन वाली घड़ियां पसंद कर रहे हैं। इससे उनके व्यक्तित्व में परिपक्वता नजर आती है। इसके साथ ही, महिलाओं की घड़ियों में पेस्टल रंग और डायमंड लगे डायल उपलब्ध है। घड़ी उनके एक्सेसरीज का एक हिस्सा है, इसलिए घड़ी को वे ब्रेसलेट के रूप में भी पहन लेती हैं।



### एवरग्रीन

रोलेक्स की डे डेट के नवीनतम संस्करण में जेड एवेंट्यूरिन से हबलाट की बिग बैंग के डायल और स्ट्रैप की घड़ियां इन दिनों लान्च हुई हैं। इनमें हर रंग के डायल को खूब पसंद किए जा रहे हैं। युवाओं का कहना है कि इनका लुक रायल लगता है।

### स्टैप में हल्के रंग तक

चेन के अलावा कुछ लोगों को स्ट्रैप भी पसंद आते हैं, क्योंकि जिनके हाथों में बाल होते हैं, उन्हें चेन वाली घड़ियों से दिक्कत होती है। ऐसे में वे बेल्ट वाली घड़ियां पसंद करते हैं। इनमें हल्के रंग के डायल मिल रहे हैं, जैसे सिल्वर, दूधिया रंग, हल्का बादामी आदि घड़ियां पसंद की जा रही हैं।

### परपेचुअल कैलेंडर घड़ियां

ये ऐसी घड़ियां जो कैलेंडर के हिसाब से समय और तारीख बदलती रहती है। ऐसी घड़ियां काफी महंगी आती हैं। रोलेक्स, वाच मेकर सिटीजन और रैडो जैसे ब्रांड्स में ऐसी घड़ियां उपलब्ध होती हैं। घड़ियां केवल समय नहीं बताती, ये व्यक्ति के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का परिचय देती हैं, साथ ही यह उनकी जीवनशैली का हिस्सा है।

## रॉयल लुक के लिए अरेबिक ज्वेलरी

त्योहार जैसे ही आते हैं, वैसे ही महिलाएं अपने स्टाइल को अच्छा बनाने में जुट जाती हैं। ऐसे में इस मौके पर भारी लखनवी ड्रेस पहनी जाती है, लेकिन एक फेस्टिव आउटफिट का विजुअल लेआउट तब तक पूरा नहीं होता, जब तक उसके साथ सही ज्वेलरी को टीमअप न किया जाए। हम बात कर रहे हैं अरेबिक स्टाइल हेड ज्वेलरी की। यह इन दिनों काफी ट्रेंड में है। यह हेड ज्वेलरी आपके चेहरे को एक बेहद रॉयल और सेलिब्रिटी स्टाइल लुक देती है।



### पेस्टल बीड्स साइड पासा

हेड ज्वेलरी उन महिलाओं के लिए एक परफेक्ट है, जो अपने बालों में रॉयल लुक चाहती हैं। इस अरेबिक डिजाइन की अच्छी यूएसपी फ्लोरल कुंदन वर्क है, जिससे इसे और अट्रैक्टिव बनाया हुआ है। इसे आप ओपन वेव्स के साथ अपने हैवी गरारे पर सजा सकती हैं।

### क्लासिक मल्टी-लेयर पर्ल झूमर

यदि आपका फेस्टिव सूट डार्क टोन का है और आप पूरी तरह से मिडल-ईस्टर्न लुक चाहती हैं, यह ऑप्शन अच्छा है। इस डिजाइन में महीन मोतियों की कई लेयर्स दी गई हैं, जो एक अच्छा लुक देती हैं।

### मीनाकारी लोटस मांग टीका

यदि आपको ट्रेडिशनल मांग टीका पसंद है, तो यह फ्यूजन डिजाइन बेस्ट है। इसमें सबसे ऊपर एक खूबसूरत सफेद लोटस का मोटिफ दिया गया है, जिससे मीनाकारी वाली चांदबाली जुड़ी है। इसके सबसे निचले हिस्से में एक नन्हीं झुमकी दी गई है, जो आपके माथे पर बेहद खूबसूरत लगती है।

## बिना नाक छिदे भी चेहरे को मिलेगा बोल्ड लुक, सेप्टम नोज रिंग्स करें ट्राई

चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए नोज रिंग बहुत जरूरी होती है। अधिकतर महिलाएं एक से एक खूबसूरत नोज रिंग पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी लेटेस्ट और नए डिजाइन वाली नोज रिंग की तलाश में है, तो अब आप कुछ डिफरेंट नोज रिंग ट्राई कर सकती हैं। आज हम आपको सेप्टम नोज रिंग डिजाइंस बताएंगे, जो आप बिना नाक छिदवाएं ही पहन सकती हैं।



### सीजेड क्रिस्टल डैंगल चार्म सेप्टम नोज रिंग

अगर आप अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए एक से एक नोज रिंग पहनना पसंद करती हैं, लेकिन कुछ डिफरेंट ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आपके लिए सीजेड क्रिस्टल डैंगल चार्म सेप्टम नोज रिंग भी बेस्ट हो सकती है। इस तरह की नोज रिंग को आप नाक के बीच में पहनकर पूरे चेहरे की खूबसूरती को दोगुना कर सकती हैं।

### अर्धचंद्राकार डिजाइन सेप्टम नोज रिंग

अगर आप भी भीड़ से हटकर लुक पाना चाहती हैं और अपने ट्रेडिशनल लुक को डिफरेंट और हटके बनाना चाहती हैं, तो अब ज्वेलरी में आप इस तरह की अर्धचंद्राकार डिजाइन सेप्टम नोज रिंग को ट्राई कर सकती हैं। ऐसी नोज रिंग के डिजाइंस आपको ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर आसानी से मिल जाएंगे, जिसे आप खरीदकर शामिल कर सकती हैं।

### टियरड्रॉप फिल्ग्रिम पियर्सिंग सेप्टम नोज रिंग

आप चाहें, तो अपने लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बनाने के लिए इस तरह की टियरड्रॉप फिल्ग्रिम पियर्सिंग सेप्टम नोज रिंग को भी शामिल कर सकती हैं। ऐसी नोज रिंग के डिजाइंस आपको नजदीकी बाजार में किसी भी ज्वेलरी शॉप पर मिल जाएंगे। इसे आप किसी भी तरह के ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं।

### शेवरॉन शैली की सेप्टम नोज रिंग

आपके लिए इस तरह का लेटेस्ट और नए डिजाइन वाला शेवरॉन शैली की सेप्टम नोज रिंग भी परफेक्ट हो सकता है। इस तरह के नोज रिंग आपके पूरे चेहरे की खूबसूरती को डबल कर देंगे। साथ ही किसी भी तरह के आउटफिट के साथ यह खूब जाचेंगे। आप इस तरह के नोज रिंग को ऑफिस या कॉलेज में पहनकर जा सकती हैं।

### बीडेड नकली सेप्टम रिंग

आपके लिए इस तरह के बीडेड नकली सेप्टम रिंग भी परफेक्ट हो सकते हैं, जिसे आप किसी भी खास फंक्शन या इवेंट के दौरान पहन सकती हैं। ऐसे नोज रिंग को आप ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीद सकती हैं या नजदीकी बाजार में किसी भी ज्वेलरी की शॉप पर आपको इस तरह की नोज रिंग मिल जाएगी।

## डेली लुक को यूनिक बना देंगे हेयर क्लिप के ये डिजाइन

बालों में हेयर क्लिप लगाना केवल बच्चों को नहीं पसंद होता। हर उम्र की महिलाएं हेयर क्लिप लगाना पसंद करती हैं। ऑफिस जाने वाली महिलाएं हों या फिर कॉलेज जाने वाली लड़कियां हर कोई अलग-अलग तरह की हेयर क्लिप्स अपने आउटफिट के हिसाब से चुनते हैं। हेयर क्लिप 2 तरह से काम करता है। यह आपके बालों को भी बांध कर रखता है और लुक भी क्लासी बना देता है। आजकल मार्केट में हेयर क्लिप्स के इतने खूबसूरत डिजाइन आने लगे हैं कि देखते ही खरीदने के मन हो जाता है।



### पर्ल हेयर क्लिप

आजकल पर्ल हेयर क्लिप लोग डेली यूज में भी पहनने लगे हैं। इस तरह के डिजाइंस की खास बात यह है कि दिखने में एलिगेंट और रॉयल टच देते हैं। अधिकतर महिलाएं सोचती हैं कि इस तरह का डिजाइन केवल पार्टी में ही अच्छा लगेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। आप हर दिन ऑफिस में भी लगाकर जा सकती हैं।



### फ्लोरल हेयर क्लिप डिजाइंस

फ्लोरल हेयर क्लिप की खास बात यह है कि आजकल सनफ्लावर क्लिप का ट्रेंड काफी चल रहा है। सूट, कुर्ती और वेस्टर्न आउटफिट के साथ इस तरह का डिजाइन अच्छा लगता है। लुक हल्का, स्टाइलिश और नेचुरल रखना चाहती हैं, तो आप इस तरह के क्लिप लगा सकती हैं।

### बो-शेप हेयर क्लिप




आजकल दो बो-शेप हेयर क्लिप का क्रेज भी काफी पसंद किया जा रहा है। क्यूट और ट्रेंडी लुक के लिए महिलाएं इस तरह के हेयर क्लिप लगाती हैं। कॉलेज और कैजुअल आउटिंग के लिए आप इस तरह के क्लिप कैरी कर सकती हैं।



### बटरफ्लाई हेयर क्लिप

नॉर्मल और फेमिनिन लुक के लिए इस तरह के हेयर क्लिप अच्छे लगते हैं। ये बालों में अलग और प्यारा लुक देते हैं। कैजुअल डे आउट या फोटोशूट के लिए महिलाओं को इस तरह का हेयर क्लिप अच्छा लगता है।

### मेटल क्लिप डिजाइन



इस तरह के डिजाइन की क्लिप भले ही सिंपल लगती हो, लेकिन यह बालों में बेहद खूबसूरत लगती हैं। इसमें भी आपको अलग-अलग तरह के डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। आप अपने लुक के साथ क्लिप का चुनाव कर सकती हैं।

इन डिजाइंस के अलावा आप स्टोन वर्क हेयर क्लिप और फ्रेंच बैरेट क्लिप के डिजाइन भी कैरी कर सकती हैं। ये हर उम्र और हर आउटफिट के साथ आसानी से मैच हो जाती हैं।

# अमेरिका ने धोखा दिया तो अंजाम भुगतेगा ट्रंप की धमकी के बाद ईरान का पलटवार

तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ सीजफायर समाप्त होने की घोषणा के बाद एक बार फिर दोनों देशों बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर अमेरिका ने अपने वादों या समझौतों को तोड़ा, यानी धोखा दिया तो तो ईरान भी चुप नहीं बैठेगा और जैसा अमेरिका करेगा, उसे वैसा ही करारा जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही ईरानी मंत्रालय ने ट्रंप के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि तेहरान ने अमेरिका से बातचीत जारी रखने के लिए रिक्वेस्ट की थी।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने अमेरिका से बातचीत का अनुरोध नहीं किया, लेकिन हमने कतर के मध्यस्थों की ईरान यात्रा को स्वीकार कर लिया।

ईरानी प्रवक्ता मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि अणेरिका साथ युद्ध ईरान के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त नहीं होगा और वे अपनी रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

गालिबफ ने कहा, युद्ध का अंत करना विश्व के देशों की प्राथमिकता है, लेकिन सभी को यह समझना चाहिए कि ईरान के आत्मसमर्पण से यह टकराव कभी समाप्त नहीं होगा। जब भी अमेरिकी समझौते का



उल्लंघन करेंगे, हम अपनी रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, हम उनके खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे और ईरानी जनता के अधिकारों की रक्षा करेंगे।

ईरानी नेता ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस को यह स्पष्ट कर दिया था कि ईरान को उन पर कोई भरोसा नहीं है। मेरे हिसाब से जो लोग अमेरिका के साथ बातचीत कर सकते हैं, वे वही लोग हैं जो युद्ध के लिए तैयार हैं।

इस्लामी गणराज्य के संस्थापक रुहोल्लाह खुमैनी के पोते अली खुमैनी ने गालिबफ के बयानों का समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत शांति वार्ता नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर आप देखते हैं कि इस्लामी गणराज्य बातचीत की बात करता है, तो यह शांति वार्ता नहीं है। क्या हम अपराधी अमेरिका के साथ शांति स्थापित कर सकते हैं? हमारी पहचान अहंकार के साथ समझौता न करना है।

बातचीत का मतलब युद्ध है, और युद्ध के कई रूप होते हैं। जो कोई भी अमेरिका के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत करना चाहता है, वह गद्दार है। जो कोई भी अमेरिका को मित्रता का संदेश भेजता है, उसका मुंह अपवित्र और गंदा है।

## ईरान पर निशाना साधे खड़ी 1000 मिसाइलें, पूरी तरह तबाह कर देंगे, ट्रंप का बड़ा दावा

**वाशिंगटन।** ईरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के जनाजे में ट्रंप के हत्या की मांग उठी और इसके पोस्टर देखे गए। ईरान में ट्रंप की हत्या के सरेआम नारे लगने के बाद अमेरिकी राष्ट्पति ने ईरान को विनाश की बड़ी धमकी दी है। अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप ने अपने टुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, अमेरिका की 1000 मिसाइलें पूरी तरह तैयार (लॉक्ड एंड लोडेड) हैं और उनका निशाना सीधे इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान पर है। यदि ईरानी सरकार ने अपनी धमकी पर कोई कदम उठाया, तो तुरंत हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी। अमेरिकी सेना ईरान के सभी इलाकों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद और तबाह कर देगी। इससे पहले ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि मैं काफी समय से ईरान के निशाने पर हूं। अगर मेरी हत्या होती है तो मैंने ऐसे हमले के निर्देश दिए हैं जैसा ईरान ने पहले कभी देखा नहीं होगा।ट्रंप ने कहा कि अगर मेरी हत्या होती है तो ईरान पर बम गिरा देना। ट्रंप की ओर से दी गई इन धमकियों के बाद एक बार फिर मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ सकता है।

# कांगो में सरकारी आंकड़ों से चार गुना अधिक हो सकता है इबोला का प्रकोप

## 80% नए मरीजों के संक्रमण का नहीं मिल रहा सुराग

जेनेवा

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला का प्रकोप आधिकारिक आंकड़ों से चार गुना अधिक भयावह हो सकता है, जहां हर पांच में से चार नए मामलों का संक्रमण स्रोत अज्ञात है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि कांगो के कुछ हिस्सों में इबोला के हर पांच में से चार नए मामलों का मौजूदा मरीजों से कोई ज्ञात संबंध नहीं है। अधिकारी के अनुसार, प्रकोप का वास्तविक स्तर आधिकारिक आंकड़ों से दो से चार गुना अधिक हो सकता है। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्वास्थ्य कर्मी इस प्रकोप को रोकने के लिए भारी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बीमारी ने अब तक 1792 लोगों को संक्रमित किया है और 625 लोगों की जान ले ली है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आपात स्थिति निदेशक चिकवे इहेक्वेजू ने गुरुवार देर रात रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि इतुरी प्रांत के बुनिया में 80 प्रतिशत नए पुष्ट मरीज ज्ञात संपर्क सूचियों के बाहर से आ रहे हैं, जो इस प्रकोप का केंद्र है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि कम मामलों वाले क्षेत्रों, जैसे उत्तरी किवु प्रांत में लगभग सभी नए मामले संपर्क सूचियों से ही आ रहे हैं, जो स्थिति में थोड़ी प्रगति का संकेत है। इहेक्वेजू ने कहा कि मॉडलिंग और परीक्षण की सकारात्मकता दरों के आधार पर अनुमान है कि मध्य मई में घोषित किया गया यह प्रकोप, पुष्ट मामलों की संख्या से दो से चार गुना बड़ा हो सकता है।

सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से लगभग 90 प्रतिशत इतुरी प्रांत में केंद्रित हैं, विशेष रूप से बुनिया, रम्पारा, मोंगबवालु और न्याकुंडे के स्वास्थ्य क्षेत्रों में, जहां संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। हालांकि, यह वायरस अब अपने केंद्र से आगे बढ़कर उत्तरी किवु, दक्षिणी किवु और हाल ही में त्शोपो प्रांत तक भी फैल गया है।दस लाख की आबादी वाले इतुरी की राजधानी बुनिया में, इबोला के लिए परीक्षण किए जाने वाले हर दो में से एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। इहेक्वेजू के अनुसार, यह सघन और निरंतर सामुदायिक संक्रमण का एक बड़ा संकेत है। प्रारंभिक प्रमाण बताते हैं कि इबोला वायरस का बुंडीबुग्यो स्ट्रेन अन्य प्रकारों की तुलना में हल्के लक्षण पैदा कर सकता है। इसके कारण प्रभावित समुदायों में खतरे का एहसास कम हो रहा है और कुछ परिवार इलाज के लिए जाने से पहले बीमार रिश्तेदारों की घर पर ही देखभाल करना पसंद कर रहे हैं। यद्यपि इससे उपचार केंद्रों तक पहुंचने वाले रोगियों के जीवित रहने की दर में सुधार होता दिख रहा है, लेकिन इसका अर्थ यह भी है कि संक्रमित लोग लंबे समय तक समुदाय के बीच रहते हैं और वायरस फैलाना जारी रखते हैं। इहेक्वेजू ने कहा कि मरीज हमारी अपेक्षा से कहीं अधिक समय तक बाहर रह रहे हैं। वे जितने लंबे समय तक उचित देखभाल से दूर रहेंगे, उनके इस बीमारी को फैलाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। समुदाय में होने वाली मौतें भी एक प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई हैं।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और विकास का नया वातावरण बना है: योगी

**कुशीनगर, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के समय प्रदेश में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी जबकि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में कानून-व्यवस्था और विकास का नया वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कुशीनगर के रामकोला और हाटा विधानसभा क्षेत्रों में 525 करोड़ रुपये की लागत वाली 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी (सपा), पर तीखा हमला बोला। टेकुआटार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के पास न तो नीति थी और न ही नीयत। उनकी सोच ही विकास विरोधी थी, ऐसे में प्रदेश के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में त्योहारों के दौरान दंगे और कर्फ्यू आम बात थे, लेकिन आज प्रदेश शांति, सुरक्षा और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि मंदिरों पर कब्जा करने वाले लोग अयोध्या, काशी और मथुरा के बारे में कैसे सोच सकते हैं। धर्म और आस्था पर आज उपदेश देने वालों को पहले अपना चेहरा देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब इंसेफेलाइटिस के कारण मासूम बच्चों की जान जाती थी और मुसहर समुदाय के लोगों की भूख से मौत की खबरें आती थीं। आज प्रदेश में स्थिति बदल चुकी है। अब लोगों को आवास, बिजली, गैस कनेक्शन, उपचार, रोजगार और विकास की सुविधाएं मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवाओं के संबंध में कहा कि पश्चिम एशिया में पैदा हुए संकट और नए एयरक्राफ्ट की उपलब्धता प्रभावित होने के कारण यहां से नियमित उड़ानें शुरू नहीं हो सकीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही कुशीनगर से उड़ान सेवाएं शुरू होंगी और यह हवाई अड्डा गया तथा जेवर से भी जुड़ जाएगा। नारायणी नदी के उस पार स्थित दियारा क्षेत्र के गांवों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की। उन्होंने बताया कि नारायणी नदी पर करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। पुल बनने के बाद दियारा क्षेत्र के गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने की है और इसी उद्देश्य के साथ पूरी ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराधों में बढ़ोत्तरी : कांग्रेस

लखनऊ, (वार्ता)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार ऐसे मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने में विफल रही है। श्री अवस्थी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि मेरठ में दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्या अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में महिलाओं और दलितों को निशाना बनाकर प्रताड़ित और उनके खिलाफ अत्याचार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का दलित और महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने के बजाय न्याय की मांग करने वालों पर ही कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं।

उन्होने दावा किया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2013 से 2024 के बीच महिलाओं और अनुसूचित जातियों के विरुद्ध अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दलित महिलाओं के खिलाफ अपराधों की स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसे सरकार की विफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश में महिलाओं पर सबसे अधिक अत्याचार उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरठ की घटना में न्याय की मांग कर रहे लोगों के साथ भी कठोर व्यवहार किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होने हाथरस और उन्नाव की घटनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व में भी पीड़ितों की आवाज दबाने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए थे तथा मेरठ में भी सरकार का रवैया उसी प्रकार का दिखाई दे रहा है। उन्होंने मांग की कि ललिता गौतम हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

# ब्रिटेन में भीषण गर्मी का कहर: अस्पतालों में डॉक्टरों को आ रहे चक्कर, बीच में रोकनी पड़ रही सर्जरी

**लंदन।** ब्रिटेन में भीषण गर्मी के चलते राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अस्पतालों के हालात बहुत खराब हो गए हैं, आलम यह है कि सर्जनों को मजबूरन ऑपरेशन बीच में ही रोकने या टालने पड़ रहे हैं। दरअसल,एनएचएस अस्पतालों की पुरानी इमारतों में अत्यधिक तापमान और उमस के कारण डॉक्टर और नर्स डिहाइड्रेशन और बेहोशी का शिकार हो जा रहे हैं, उन्हें चक्कर आने लग रहे हैं। सर्जरी के दौरान किसी भी गंभीर स्थिति से बचने के लिए डॉक्टरों को बीच बीच-बीच में अपने स्क्रब हटाकर शरीर को ठंडा करने और पानी पीने के लिए जाना पड़ रहा है। इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के अध्यक्ष टिम लेन के अनुसार, यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि देश के कई अस्पताल अब ब्रिटेन की इस भीषण गर्मी से निपटने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रहे हैं। बहुत सारे ऑपरेशन में देरी हो रही है और उन्हें रद किया जा रहा है क्योंकि एनएचएस की इमारतें जो एक अलग युग के लिए डिजाइन की गई थीं, वे गर्मी का सामना करने में असमर्थ हैं। अस्पताल के गाइडलाइन के अनुसार, एसी का उपयोग केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही किया जा सकता है, जिनमें ऑपरेशन थिएटर शामिल हैं। हालांकि, पुरानी बुनियादी ढांचे के कारण कई अस्पताल गर्मियों के बढ़ते तापमान का सामना करने में असमर्थ थे।

# भाजपा की राजनीतिक चालबाजियों से सावधान रहें : मायावती

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी एजेंसियों और अन्य माध्यमों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों से 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा को सत्ता में लाने का आह्वान किया।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक विस्तृत बयान में मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए विरोधी दलों के खिलाफ सरकारी एजेंसियों, मीडिया और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि बसपा शासन के दौरान उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया गया था तथा बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में काम किया गया।

सुश्री मायावती ने कहा कि उनकी सरकार ने 'सर्वजन हिताय,



सर्वजन सुखाय' की नीति के तहत गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी थी। बसपा प्रमुख ने पार्टी संस्थापक कांशीराम का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक उत्थान के लिए राजनीतिक सत्ता सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ बसपा की स्थापना की गई थी और पार्टी आज भी उसी विचारधारा पर कार्य कर रही है।

उन्होने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में दलितों और अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचार की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने सहारनपुर की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि बसपा की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को बसपा की नीतियों और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराएं तथा भाजपा की राजनीतिक चालबाजियों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें।

सुश्री मायावती ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव प्रदेश की राजनीति के लिए निर्णायक होगा और बसपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता बसपा को पुनः सत्ता में लाने का अवसर देगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से संगठित होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए जय भीम, जय भारत का नारा दिया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# ताहा शाह की एक बात ने मेरा दिल जीत लिया : तृप्ति भोईर

अपनी आगामी फिल्म पारो की कास्टिंग से जुड़ा एक बेहद दिलचस्प और भावनात्मक किस्सा फिल्ममेकर और अभिनेत्री तृप्ति भोईर ने साझा किया है। उस वाकये को याद करते हुए तृप्ति ने हुए कहा कि जब वह और ताहा शाह बदुशा फिल्म की स्क्रिप्ट पर चर्चा कर रहे थे, तभी अभिनेता ने एक ऐसी बात कही जिसने तृप्ति के



दिल में गहरी जगह बना ली और उनके कास्टिंग के फैसले को मजबूत कर दिया। तृप्ति भोईर बताती हैं, मुझे याद है, करियर के मौकों या फिल्म से मिलने वाली व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में बात करने की बजाय, ताहा ने बड़े ही सहज भाव से कहा था, मुझे लगता है कि इस फिल्म को स्वीकार करने से मेरी मां को ज्यादा खुशी मिलेगी। सच कहूं तो, उनकी यह एक लाइन उनके पूरे व्यक्तित्व को समझने के लिए काफी थी। तृप्ति के अनुसार, यह सिर्फ एक फिल्म चुनने का सामान्य फैसला नहीं था, बल्कि ताहा के गहरे संस्कारों, उनकी विनम्रता और अपने परिवार के प्रति उनके अटूट प्रेम को दर्शाता था। उनकी इस ईमानदार और गर्मजोशी से भरी सोच ने तृप्ति पर इतनी गहरी छाप छोड़ी कि उन्होंने तत्काल यह तय कर लिया कि उन्हें अपनी फिल्म पारो के लिए यही शख्स चाहिए। फिल्ममेकर तृप्ति भोईर का यह भी मानना है कि किसी कलाकार का असली व्यक्तित्व अक्सर उसकी ऑन-स्क्रीन परफॉर्मेंस में भी दिखाई देता है। उनका मानना है कि जब कोई कलाकार अपने किरदार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है और अपने व्यक्तिगत मूल्यों को उसमें ढालता है, तो वह प्रदर्शन अधिक प्रामाणिक और प्रभावशाली बन जाता है। ताहा की सच्चाई और इस प्रोजेक्ट के प्रति उनके भावनात्मक जुड़ाव ने तृप्ति को पहले ही यह भरोसा दिला दिया था कि वह पारो में अपने किरदार के साथ पूरा न्याय करेंगे और उसे जीवंत बना देंगे। यह दर्शाता है कि एक कलाकार का चरित्र और उसके संस्कार कितने महत्वपूर्ण होते हैं, खासकर ऐसे किरदारों के लिए जिनमें भावनात्मक गहराई की आवश्यकता होती है। तृप्ति ने कहा कि आधुनिक फिल्म इंडस्ट्री में जहां कास्टिंग अक्सर ऑडिशन, स्क्रीन टेस्ट या स्टार वैल्यू पर आधारित होती है, वहीं ताहा का चुनाव इस बात का प्रमाण है कि कभी-कभी मानवीय जुड़ाव और एक सच्चे दिल से कही गई बात भी सबसे बड़े फैसलों का आधार बन सकती है। यह घटना दिखाती है कि एक फिल्ममेकर के लिए कलाकार का कौशल जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण उसका व्यक्तिगत नैतिक मूल्य और भावनात्मक गहराई भी होती है। ताहा का यह बयान न केवल उनके पारिवारिक मूल्यों को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि उनके लिए काम का चुनाव केवल करियर या प्रसिद्धि से बढ़कर है।

# 2026 में रितेश देशमुख का जलवा, अभिनय से निर्देशन और होस्टिंग तक हर मंच पर छोड़ी छाप



2026 रितेश देशमुख के लिए उपलब्धियों से भरा रहा।रितेश देशमुख ने अभिनय, निर्देशन, फिल्म निर्माण और होस्टिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मनोरंजन जगत में अपनी बहुमुखी पहचान को और मजबूत किया। साल की शुरुआत उनकी महत्वाकांक्षी फिल्म राजा शिवाजी से हुई, जिसमें रितेश देशमुख ने निर्देशक और मुख्य अभिनेता, दोनों की जिम्मेदारी निभाई। फिल्म में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके संघर्ष को बड़े पर्दे पर भव्यता के साथ प्रस्तुत किया। इस परियोजना ने उन्हें एक सक्षम निर्देशक के रूप में भी नई पहचान दिलाई। इसके बाद रितेश अपनी लोकप्रिय कॉमेडी शैली में लौटे और धमाल 4 के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मल्टीस्टारर फिल्म में उन्होंने अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीता। ऐतिहासिक किरदार और हल्के-फुल्के हास्य से भरपूर भूमिका के बीच सहज बदलाव उनकी अभिनय क्षमता की विविधता को दर्शाता है। अभिनय और निर्देशन के अलावा रितेश ने होस्टिंग की दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वह इन दिनों लॉक अप 2.0 की मेजबानी कर रहे हैं। अपने सहज, विनोदी और आत्मीय अंदाज़ से उन्होंने शो को नई ऊर्जा दी है। इससे पहले मराठी बिग बॉस के सफल होस्ट के रूप में पहचान बना चुके रितेश अब राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रभावशाली प्रस्तोता के रूप में उभर रहे हैं। रितेश देशमुख के लिए 2026 की सबसे बड़ी खासियत सिर्फ कई परियोजनाओं का हिस्सा बनना नहीं रही, बल्कि विभिन्न शैलियों और माध्यमों में लगातार सफल प्रदर्शन करना भी रहा।

# रक्तांचल सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज, विजय सिंह के दमदार अंदाज में लौटे क्रांति प्रकाश झा




अभिनेता क्रांति प्रकाश झा अभिनीत चर्चित वेब सीरीज रक्तांचल के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक बार फिर विजय सिंह के किरदार में क्रांति प्रकाश झा का दमदार और आक्रामक अंदाज देखने को मिल रहा है, जिसे सोशल मीडिया पर दर्शकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। पूर्वांचल की पृष्ठभूमि पर आधारित इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के ट्रेलर में सत्ता, राजनीति और गैंगवार की कहानी को नए मोड़ के साथ प्रस्तुत किया गया है। ट्रेलर में क्रांति प्रकाश झा का प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस और संवाद अदायगी दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। बिहार के बेगूसराय के रहने वाले क्रांति प्रकाश झा ने विजय सिंह के किरदार से ओटीटी पर अपनी अलग पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर प्रशंसक उन्हें लल्ला के रूप में याद करते हुए उनकी वापसी का स्वागत कर रहे हैं। क्रांति प्रकाश झा को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म मिथिला मखान से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देसवा, वन्स अपॉन ए टाइम इन बिहार और एम.एस. धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्मों में अभिनय किया। रक्तांचल के दोनों सीजन में उनके अभिनय को दर्शकों ने सराहा है। रक्तांचल सीजन 3 जुलाई में अमेज़न पर रिलीज होने वाली है।

# दृढ़ संकल्प, समयबद्ध अध्ययन और तनाव प्रबंधन से ही मिलेगी सफलता : डीईओ डॉ. अनिल कुशवाहा

## उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में विद्यार्थियों का किया उन्मुखीकरण, 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने का दिया लक्ष्य

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. श्री अनिल कुशवाहा ने अवलोकन के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सहभागिता कर सकारात्मक शैक्षणिक संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित समय-सारणी, निश्चित कार्ययोजना, तनाव प्रबंधन तथा लक्ष्य आधारित अध्ययन के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए दृढ़ संकल्प के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।डीईओ डॉ. कुशवाहा ने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता केवल अधिक समय तक पढ़ने से नहीं, बल्कि सही योजना, निरंतरता, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे नियमित समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करें, प्रतिदिन का स्पष्ट लक्ष्य तय करें, विषयवार तैयारी की रणनीति बनाएं और प्रत्येक दिन अपने अध्ययन की समीक्षा करें।




उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी प्रारंभ से ही योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ेंगे तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान डॉ. कुशवाहा ने छात्र जीवन में आने वाले अवरोधों, एकाग्रता में बाधा बनने वाली परिस्थितियों तथा परीक्षा के तनाव जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि चुनौतियां हर विद्यार्थी के जीवन का हिस्सा होती हैं, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और सकारात्मक सोच से हर कठिनाई को अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने तनावमुक्त होकर अध्ययन करने, समय का सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।

विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वे अपनी प्रतिभा और क्षमता पर पूरा विश्वास रखें तथा अनावश्यक व्यस्तताओं और विचलनों से दूर रहकर केवल अपने अध्ययन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन का यह समय भविष्य निर्माण का स्वर्णिम अवसर है, इसलिए हर छात्रा को आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए।डॉ. कुशवाहा ने सभी विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बड़ा लक्ष्य ही बड़े परिणामों की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल परीक्षा पास करने तक सीमित न रहें, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प लें और अपनी मेहनत से विद्यालय, परिवार तथा जिले का नाम रोशन करें।

इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के मेधावी विद्यार्थियों से भी संवाद स्थापित किया और उन्हें निरंतर प्रगति बनाए रखने, विषयों की गहराई से समझ विकसित करने तथा आगामी कक्षाओं के लिए अभी से मजबूत आधार तैयार करने की प्रेरणा दी।तत्पश्चात संस्था प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को मंडल एवं स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित दिनचर्या, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ लेकर बेहतर परिणाम प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा समस्त शिक्षकों को भी दृढ़ संकल्पित होकर शैक्षणिक लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार उदेनिया, श्री आर.एन. रावत, श्रीमती सीमा दीक्षित, श्री ए.आर. राव, श्री रामदीन ठाकुर, श्री देवेंद्र लोधी, श्री राजकुमार लोधी, श्रीमती रूचि चौबे, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती गीता विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में सकारात्मक, प्रेरक एवं शैक्षणिक वातावरण देखने को मिला और विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त मार्गदर्शन को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।

# न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिट्रेट ने चोरी के आरोपियों को दी सजा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिट्रेट नरसिंहपुर राकेश सनोडिया के न्यायालय द्वारा चोरी करने वाले आरोपियों शुभम राजपूत, उम्र 30 साल, निवासी सी.ओ.डी. रोड करौंदी रांझी मस्ताना चौक, थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र. को पृथक पृथक से धारा-331(4) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड एवं धारा-305(ए) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड, व शुभम लोधी उम्र 26 साल निवासी मेनरोड लक्ष्मी डेयरी के पास रांझी जबलपुर, थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र को धारा-331(4) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड, एवं धारा-305(ए) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन का मामला इस प्रकार है कि दिनांक 24.07.2025 को फरियादी वेदप्रकाश पाण्डेय द्वारा पुलिस चौकी सिंहपुर थाना स्टेशनगंज उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह संस्कार सिटी नरसिंहपुर में रहता है। वह दिनांक 14.07.2025 को घर से शाम 7ः00 बजे घर में ताला डालकर लोकीपार ससुराल आ गया था और दिनांक 15.07.2025 को सुबह 6 बजे घर पहुँचा, तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है, कमरे का सामान बिखरा हुआ है, गोदरेज की अलमारी का लाक टूटा हुआ था। सामान देखने पर चांदी के करधन, दो पायल, चाँदी के सिक्के तीन, गणेश लक्ष्मीजी की मूर्ति, चांदी के बर्तन ग्लास, कटोरी, चम्मच तथा नगदी 40,000/-रूपये रखे थे, जो नहीं मिले, उसे शंका है कि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। उसके घर में जेवर एवं नगदी कुल करीब 65,000/- रूपये की चोरी हुई है, वह आज दिनांक तक चोरी गए सामान का पता करते रहा, नहीं मिलने पर रिपोर्ट करने आया है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी सिंहपुर थाना स्टेशनगंज नरसिंहपुर पर अपराध की कायमी की जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये और मुखबिर की सूचना पर संदेही शुभम लोधी तथा शुभम राजपूत को पकड़कर पूछताछ कर गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथन लेखबद्ध किये गये, जिसमें उनके द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुए नगदी एवं सकुंवारी रोड किनारे प्रधानमंत्री सड़क योजना का बोर्ड के नीचे जमीन में गड्ढा से निकाल पर पेश करने पर पृथक-पृथक चांदी के जेवरात/सामान जप्त कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार करते हुए संपूर्ण अनुसंधान पश्चात् अभियुक्तगण के विरूद्ध पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।मामले में उप निदेशक अभियोजन श्री रामकुमार पटेल के निर्देशन में श्री घनश्याम प्रजापति एडीपीओ द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न?यायालय द्वारा आरोपियों शुभम राजपूत, उम्र 30 साल, निवासी सी.ओ.डी. रोड करौंदी रांझी मस्ताना चौक, थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र. को पृथक पृथक से धारा-331(4) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड एवं धारा-305(ए) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड, व शुभम लोधी उम्र 26 साल निवासी मेनरोड लक्ष्मी डेयरी के पास रांझी जबलपुर, थाना रांझी जिला जबलपुर म.प्र को धारा-331(4) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड, एवं धारा-305(ए) बी.एन.एस. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# सराफा एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप

## कई सदस्यों ने कलेक्टर को पत्र लिख कर की जांच व कार्रवाई की मांग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के सराफा एसोसिएशन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। एसोसिएशन में भी शिकवा शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। सराफा एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने सराफा एसोसिएशन (पंजीयन क्रमांक-04/15/03/17350/15) में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को एक शिकायत देकर जांच व आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। कलेक्टर को दिए गए शिकायती पत्र में सारापा एसोसिएशन के सदस्य आशीष सोनी ने कहा कि मैं सारापा एसोसिएशन, कटनी का सदस्य हूं। आशीष ने आरोप लगाया कि संस्था में लंबे समय से गंभीर अनियमितताएं की जा रही हैं, जिससे सदस्यों के अधिकारों का हनन हो रहा है तथा संस्था का संचालन उपविधियों एवं कानून के अनुरूप नहीं हो रहा है।

### सदस्यों की प्रमुख शिकायतों पर एक नजर

कई वर्षों से संस्था की आम सभा आयोजित नहीं की गई। आय-व्यय विवरण एवं ऑडिट रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई है। निर्धारित समय पर चुनाव नहीं कराए गए तथा लगभग 5 वर्षों से कार्यकारिणी बिना चुनाव के कार्य कर रही है। सदस्यता सूची में मनमाने ढंग से नाम जोड़े एवं हटाए गए हैं। सदस्यता शुल्क जमा होने के बावजूद कई सदस्यों के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए। संस्था की संपत्तियों एवं दुर्गा पूजा समिति की चांदी आदि का कोई स्पष्ट लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। संस्था के उपविधियों के विपरीत चुनाव कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष नरसिंहपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेष शुक्ला द्वारा जिले की केन्द्रीय जेल का मासिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा बंदियों की विभिन्न बैरक का निरीक्षण करते हुए बंदियों से वन टू वन चर्चा की गई एवं उनकी समस्याओं के संबंध में पूछा गया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीष महोदय द्वारा भोजन, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष एवं बंदियों के रहने व खाने संबंधी



विभिन्न विषयों पर आवष्यक दिषा निर्देष जेल प्रषासन को दिए गए। इसके अतिरिक्त बंदियों से उनकी अपील संबंधी जानकारी लेते हुए बंदियों को निःषुल्क अधिवक्ता उपलब्ध होने की जानकारी भी दी। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा केन्द्रीय जेल के खण्ड-स स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण कर महिलाओं के विधिक अधिकारों व स्वास्थ्य इत्यादि की जानकारी ली गई।उक्त निरीक्षण में प्रधान जिला न्यायाधीष के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट श्री राकेष सनोडिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेष मीणा, जिला रजिस्ट्रार श्री धर्मेन्द्र नागवंषी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेष सक्सेना, जेल अधीक्षिका श्रीमती अदिति चतुर्वेदी एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# भारत विकास परिषद सेवा पखवाड़ा संपन्न

## पौधरोपण, रक्त दान एवं नेत्र परीक्षण के साथ समाजसेवा का दिया संदेश

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

भारत विकास परिषद द्वारा 27 जून से 10 जुलाई तक देशभर में आयोजित सेवा पखवाड़े का समापन नरसिंहपुर एवं विवेकानंद शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण,पर्यावरण जागरूकता, रक्तदान तथा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण,स्थापना दिवस आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।




कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्यों के सुरक्षित परिसरों में 30 पौधों का रोपण किया गया। वहीं परिषद के 8 सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। जिला चिकित्सालय में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में लगभग 60 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया।गरीब परिवारों को बच्चों की पढ़ाई हेतु कॉपियां प्रदान की गई। परिषद के रीजनल अध्यक्ष इंजी. सुनील कोठारी ने कहा कि सेवा ही भारत विकास परिषद की पहचान है।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सेवा पखवाड़े के माध्यम से परिषद की सभी शाखाओं ने जनकल्याण के विविध कार्य किए हैं। नेशनल प्रोजेक्ट (पर्यावरण) के जे. के. शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधरोपण का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधे की जिम्मेदारी ले, तो हरित एवं स्वच्छ भारत का लक्ष्य सहज ही प्राप्त किया जा सकता है इस अवसर पर प्रांत मार्गदर्शक संजय तिवारी, प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, नरसिंहपुर शाखा अध्यक्ष उमेश दुबे, विवेकानंद शाखा अध्यक्ष राजेश नेमा, डॉ. ब्रजेश पटेल, एस. के. नेमा,ब्रजेश नेमा, नरेंद्र नेमा एल आई सी, अनुराग गुप्ता, विकास नेमा, सोमराज कोरी, सृजन नेमा, अंकुर राजपूत, किरण नेमा, मंजू पटेल, सुनीता शर्मा, दीपा नेमा सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ पौधारोपण

मण्डला।

शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित इस अभियान के तहत विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। एनसीसी अधिकारी संजय धनगर ने प्रत्येक कैडेट को कम से कम 10 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया तथा वायुदूत ऐप एवं माय भारत पोर्टल पर पौधारोपण की तस्वीरें अपलोड करने के लिए प्रेरित किया।

# स्व. भागचंद पहलवान की 23वीं पुण्यतिथि पर लगा विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर

## सैकड़ों मरीजों की हुई जांच, मोतियाबिंद के मरीजों के होंगे ऑपरेशन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर की सामाजिक संस्था पहलवान मित्र मंडल द्वारा स्व. श्री भागचंद पहलवान चंगापारी की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को नये बस स्टैंड परिसर में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों नेत्र रोगियों ने पहुंचकर निःशुल्क उपचार का लाभ लिया। सेवा भाव से भरा यह शिविर नेत्र रोगियों के लिए संजीवनी साबित हुआ।शिविर में सक्षम भारत संस्था एवं दादा विरेंद्र पुरी जी आई हॉस्पिटल देव जी नेत्रालय, तिलवारा घाट जबलपुर के सुप्रसिद्ध नेत्र




विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। टीम द्वारा आए हुए प्रत्येक मरीज का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया।जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उनका चयन कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिए जबलपुर ले जाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि आने-जाने, ऑपरेशन, दवा और भोजन की संपूर्ण व्यवस्था पहलवान मित्र मंडल द्वारा निःशुल्क की जाएगी। शिविर में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन, जांच, दवा वितरण और परामर्श के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे।




# मंडला के मत्स्य पालकों का सम्मान

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय मछुआ दिवस के अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मछुआ दिवस कार्यक्रम में जिले के 100 मत्स्य पालकों ने सहभागिता कर आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उत्पादन और आय में वृद्धि के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आधुनिक मत्स्य पालन पद्धतियों, वैज्ञानिक प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने के प्रभावी उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए नवाचारों और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के ग्राम रामनगर निवासी ब्रजेश ठाकुर को बायोफ्लॉक तकनीक में नवाचार अमोनिया नियंत्रण के लिए सम्मानित किया गया। वहीं आदित्य पन्द्रे ग्राम कजरवाड़ा नैनपुर को मत्स्य मूल्य संवर्धन एवं विपणन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला। इसके अलावा नवज्योति मत्स्य सहकारी समिति ग्राम मांद को भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# किसान कांग्रेस ने आमसभा कर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

कांग्रेस नेताओ व किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को समर्थन मूल्य पर 100त्न मूंग खरीद और खाद्य पर ई टोकन व्यवस्था बंद कर बहाल करने के साथ ओर भी मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया । सेकड़ो कांग्रेसजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व एवं किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान , जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, की विशेष उपस्थिति में किसानों के समर्थन में कृषि उपज मंडी से विशाल रैली निकालकर भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया । किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा दिये गए ज्ञापन में




उल्लेख किया गया कि सरकार पिछले वर्ष की भाति इस वर्ष भी मूंग की खरीद में फिर आना कानी कर रही है।

मूंग फसल आधे म.प्र. के किसानो की नगदी फसल है कृपया किसान के इस गंभीर मुददे पर तुरंत ध्यान देने की कृपा करें और सरकार को निर्देशित करे। सभी किसानो की 100त्न मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जाऐ। खाद्य पर ई टोकन व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर पुनः पुरानी व्यवस्था पर खाद्य वितरण किया जाये।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव के पूर्व प्रदेश की जनता व किसानों से जो वायदे किये थे सरकार बनने के बाद वह अपने वायदों से मुकर गई सरकार देश के अन्नदाता को लूट रही है ।

किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अराजकता का माहौल है , भाजपा की करनी और कथनी में उजागर हो चुकी है जनता भी समझ चुकी है आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी ।

संगठन मंत्री दीवान शेलेन्द्र पटेल पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले मैथली शरण तिवारी वरिष्ठ नेता लाखन पटेल गौतम पटेल, मनीष राय जिला सदस्य अरविंद पटेल कपिल ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ,जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल महिला उत्पीडन जिला अध्यक्ष प्रियंका चांदनी दीक्षित, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जेन, दिग्विजयसिंह पटेल, छोटेराजा कौरव , ब्लॉक अध्यक्ष लखन पटेल, गिरजा शंकर कौरव, सतीश सैनी, नगर अध्यक्ष राजीव दुबे महिला ब्लॉक अध्यक्ष संगीता जायसवाल, चीचली जनपद उपाध्यक्ष मनीष कौरव, डॉली सिंघई, बसंत तपा बंटू गुप्ता अवधेश रूसिया, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र विल्थरे ,सत्यनारायण कौरव, के के गुर्जर, संजय कौरव अभिषेक पटेल, राजदीप दुबे यश राय, मनीष कौरव, भूपेंद्र कौरव ,हजारी लाल ममार, जिला मीडिया प्रभारी सुनील दुबे ,सत्यव्रत कौरव सहित कांग्रेस मोर्चा संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे । मंडी से पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस जन भाजपा सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुचे ओर प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष किसानों के हित की बात रखते हुए ज्ञापन दिया ।

# सायना ने मनाया 20 वर्षों की प्रेरणादायी उत्कृष्टता का उत्सव

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शैक्षिक उत्कृष्टता के दो दशकों की एक गौरवशाली उपलब्धि को अपने आंचल में समेटे सायना इंटरनेशनल स्कूल ने 9 जुलाई को अपना 20 वाँ स्थापना दिवस श्रद्धा और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर ने संस्थान की उस उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाया जिसमें अकादमिक श्रेष्ठताएं अनुशासन, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से नव राष्ट्र के संवाहकों को गढ़ने के साथ साथ ही गौरवशाली सायना विरासत को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत पारंपरिक पूजन से हुई, जिसे निदेशक प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा, प्रबंधन प्रतिनिधि ऋषि अरोड़ा, हेडमास्टर बोर्डिंग डॉ लोकेश दुबे, हेडमास्टर डे स्कूल कमल सरेचा, प्राथमिक समन्वयक रीत मोंगा, डीके झा, सीएस पांडेय और श्वेता पांडेय ने विधिपूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने संस्थान की निरंतर प्रगति, समृद्धि और उत्कृष्टता की साधना के लिए दैवीय आशीर्वाद की कामना की।



इसके पश्चात एक पवित्र हवन का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ सन् 2007 से सेवा दे रहे डी ग्रुप स्टाफ से मिंटू यादव, रामकिशोर और आनंद कुमार ने भी हवन कर पुण्य अर्जित किया। इस क्रम में एक भावपूर्ण आयाम जोड़ते हुए वर्षा सिंह बघेल, दिनेश शर्मा और डीण सी मिश्रा ने मधुर भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों ने एक शांत और आध्यात्मिक माहौल बनाया, जो संस्थान की सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाता था।

इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए निदेशक प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय की असली पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है। आज जब हमारे छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रहे हैं, तो हमें गर्व के साथ कहना पड़ता है कि सायना अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है। एक शिक्षक के रूप में मेरा मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक और डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा है। हमारे शिक्षक इसी भावना के साथ बच्चों को गढ़ रहे हैं। मैं सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक प्रबंधन और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके सहयोग से हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। आषा है कि सायना आने वाले समय में शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का आदर्श केंद्र बनेगा। सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक ने कहा कि जब हमने इस विद्यालय की नींव रखी थी, तब हमारा सपना था, शिक्षा के माध्यम से संस्कारवान, आत्मनिर्भर और राष्ट्रभक्त नागरिकों का निर्माण करना। आज मुझे गर्व है कि सायना का हर विद्यार्थी उस सपने को साकार कर रहा है। हमारी पूर्व छात्रा सुमन मिश्रा का बिहार लोक सेवा आयोग में नगर निगम कार्यपालन अधिकारी के पद पर चयन होना इसी का प्रमाण है। मैं समस्त शिक्षकों, अभिभावकों और प्रबंधन के सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। आइए हम सब मिलकर सायना को ज्ञान, अनुशासन और उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। इस अवसर पर सायना की सायना की चेयरपर्सन डॉक्टर निधि पाठक, सचिव निर्मला पाठक मम्मी, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी अभिनव खरे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके समर्पित प्रयासों और सहयोग से यह समारोह भव्य रूप से सफल हुआ।

# बरही के पत्रकारों ने पेश की मानवता की मिसाल

### दिवंगत पत्रकार के परिवार को दी 37 हजार 500 की आर्थिक सहायता

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सडक़ हादसे में दिवंगत पत्रकार विकास ताम्रकार के शोकाकुल परिवार की सहायता के लिए तहसील पत्रकार संघ बरही के पत्रकारों ने संवेदनशीलता और एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी सहयोग से 37 हजार 500 रूपए की राशि एकत्रित की। यह सहायता राशि विकास ताम्रकार की माता दुर्गा ताम्रकार को उनके निवास पर सम्मानपूर्वक भेंट की गई। इस अवसर पर पत्रकारों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा पत्रकार परिवार ताम्रकार परिवार के साथ खड़ा है।

आर्थिक सहयोग के साथ ही सभी ने परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया। विदित हो कि 13 दिन पहले बनारस से लौटते समय भीषण सडक़ हादसे में पत्रकार विकास ताम्रकार, उनकी पत्नी सोनम ताम्रकार तथा बहन का निधन हो गया था।



विकास अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन के बाद दो मासूम बच्चों, लकवाग्रस्त बड़े भाई और हृदय रोग से पीड़ित बुजुर्ग मां के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। तेरहवीं संस्कार के अवसर पर बरही के पत्रकारों ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पत्रकार दीपक अग्रवाल, आनंद सराफ, अजय वर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा, संदीप स्वर्णकार, सत्येंद्र गौतम, लखन विश्वकर्मा, प्रेमलाल सेन, गुड्डु राव, नीरज तिवारी, संजय साहू, जानकी विश्वकर्मा, राजेश केवट एवं सुखेंद्र शामिल रहे। पत्रकार परिवार में आए संकट में तहसील पत्रकार संघ बरही का यह प्रयास वास्तव में अनुकरणीय है। यह समाज के और पत्रकार परिवार के लिए आपसी एकजुटता का संदेश है।

## कटनी में सुरक्षा जवान भर्ती एवं रोजगार पंजीयन हेतु 13 जुलाई से आयोजित होंगे विकासखंड स्तरीय शिविर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय कटनी द्वारा सुरक्षा जवान भर्ती एवं रोजगार पंजीयन हेतु विकासखंड स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कमांडेंट प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली एवं एसआईएस लिमिटेड के सहयोग से आयोजित होंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाए जाएंगे। संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने क्षेत्र में इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगें, ताकि अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी इसका लाभ उठा सकें। जारी कार्यक्रम के अनुसार भर्ती शिविर 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक आयोजित होंगे। विकासखंड ढीमरखेड़ा में 13 जुलाई, कटनी में 14 जुलाई, रीठी में 15 जुलाई, विजयराघवगढ़ में 18 जुलाई, बड़वारा में 20 जुलाई तथा बहोरीबंद में 21 जुलाई को संबंधित जनपद पंचायत परिसरों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ शिविर में उपस्थित हों।

## दसवें दिन कटनी के दद्दाधाम पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू समाधि स्थल पर मत्था टेक लिया आशीर्वाद

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अपनी 14 दिवसीय कठिन धार्मिक पदयात्रा पर निकले छिंदवाड़ा लोकसभा सांसद बंटी विवेक साहू की यात्रा का दसवें दिन कटनी के लिए बेहद खास रहा। लगातार पैदल चलते हुए सांसद छिंदवाड़ा, सिवनी और जबलपुर की सीमाओं को पार कर कटनी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र दद्दा धाम पहुंचे। दद्दा धाम आगमन पर सांसद ने पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' एवं पूज्य गुरुमाता कुंती देवी 'जिज्जी' के मंदिर और समाधि स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। सांसद बंटी विवेक साहू के दद्दा धाम की पावन धरा पर पहुंचते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम समिति, दद्दा जी शिष्य मंडल की ओर से सांसद का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित गुरुभाइयों और श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

## गश्त के दौरान बाघ का कंकाल मिलनें से हड़कंप

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बंधवगढ़ टाईगर रिजर्व के ताला परिक्षेत्र अंतर्गत मझखेता बीट में मानसूनी गश्त के दौरान एक दुर्गम वन क्षेत्र से मांसाहारी वन्यप्राणी का कंकाल मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र संचालक, उप संचालक, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया। वहीं मेटल डिटेक्टर से भी पूरे क्षेत्र की गहन जांच की गई। वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कंकाल का निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया यह बाघ का कंकाल होने की संभावना व्यक्त की गई। शुक्रवार को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के निर्धारित दिशानिर्देशों और मानक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कंकाल का विधिवत परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रजाति और लिंग की पुष्टि के लिए आवश्यक जैविक नमूने (सैंपल) एकत्र किए गए। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कंकाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। फिलहाल बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व की टीम मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। जांच रिपोर्ट और वैज्ञानिक परीक्षण के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कंकाल किस बाघ का है और उसकी मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई है।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 30 हजार का जुर्माना, यातायात पुलिस ने तीन वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शराब पीकर वाहन चलाने ड्रिंक एंड ड्राइव वाले चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा सघन जांच एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए गए 3 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। त्वरित न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए तीनों प्रकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए माननीय न्यायालय ने तीनों प्रकरणों में प्रत्येक वाहन चालक पर 10-10 हजार रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। इस प्रकार न्यायालय द्वारा 30 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित एवं वसूल किया गया। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार निर्धारित अर्थदंड जमा किए जाने के उपरांत संबंधित वाहन चालकों स्वामियों को उनके वाहन नियमानुसार सुपुर्द किए गए।

# जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

### बहुप्रतीक्षित परियोजना से शहर को मिलेगी सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सौगात

### शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शहर की बहुप्रतीक्षित जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। गुरुवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मार्ग का स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि यह सड़क शहर के सबसे महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों में से एक है। वर्षों से मार्ग संकरा होने के कारण यहां प्रतिदिन यातायात का भारी दबाव रहता था, जिससे नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ीकरण पूर्ण होने के बाद इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित होगी। वर्तमान में मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा



कि नगर का समग्र विकास एवं नागरिकों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महापौर को शेष कार्यों की प्रगति से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सभी लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने जालपा देवी वार्ड के अन्य स्थलों का भी भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री रवि हनोते, मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## आवास प्लस-2024 सर्वे के लिए दो दिवसीय ग्राम सभाएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आवास प्लस-2024 सर्वे की प्रारूप स्थायी प्रतीक्षा सूची (ड्राफ्ट पीडब्ल्यूएल) के अंतिमकरण एवं सत्यापन के लिए जिले के सभी ग्रामों में 9 एवं 10 जुलाई को दो दिवसीय ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर की निगरानी में आयोजित ग्राम सभाओं में निर्धारित एजेंडा के बिंदु क्रमांक 3 से 6 तक की कार्यवाही पूरी की गई।

## संपत्ति कर शिविर में 15 लाख रुपये की वसूली

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिक निगम द्वारा निगम कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों में विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने संपत्ति कर जमा कर अग्रिम भुगतान पर मिलने वाली 5 प्रतिशत छूट का लाभ उठाया। शाम 5 बजे तक निगम कोष में करीब 15 लाख रुपये जमा हुए। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर सुबह से ही सभी केंद्रों पर कर जमा कराने की आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। नागरिकों को सरल प्रक्रिया के माध्यम से संपत्ति कर जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए राजस्व विभाग की टीमों ने विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान भी चलाया। इस दौरान नागरिकों को 5 प्रतिशत अग्रिम छूट की जानकारी देते हुए समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया तथा मौके पर ही कर संग्रह भी किया गया। राजस्व शाखा के अनुसार शाम 5 बजे तक 280 रसीदों के माध्यम से संपत्ति कर मद में लगभग 15 लाख रुपये जमा किए जा चुके थे। निगम कार्यालय, जोन कार्यालयों एवं डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से कर संग्रहण का कार्य लगातार जारी है। नागरिकों से अपील की है कि वे 31 जुलाई तक उपलब्ध 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का लाभ उठाकर समय पर संपत्ति कर जमा करें और नगर विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

## स्कूटी से ढाई लाख चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विलायतकला में स्कूटी की डिग्गी से ढाई लाख पार कर देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि विगत 1 जून ग्राम को गुड़ाकला निवासी राधा विश्वकर्मा पिता लेखराम विश्वकर्मा अपनी स्कूटी से ग्राम विलायतकला स्टेंड बैंक में आई थी। दोपहर 12 बजे महाकौशल ग्रामीण बैंक गई और फिर वहां स्टैंट बैंक विलायतकला के सामने अपनी स्कूटी खड़ी करके अंदर चली गई। इसी दौरान स्कूटी के अंदर सीट के नीचे बैग एवं बैग के अंदर लेडीज पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। जिसमे नगद ढाई लाख रुपये रखे थे। राधा जब बैंक से बाहर आई तो स्कूटी में रखा बैग गायब मिला। जिस पर बड़वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज



कराई गई।

पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गई। इस मामले में सुमित सिसोदिया पिता राधेश्याम सिसोदिया और संजय सिसोदिया पिता टीकम सिसोदिया दोनों निवासी ग्राम भोलगढ़ थाना कोतवाली अनूपपुर जिला अनूपपुर से गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। आरोपियों से बिना नबर की होंडा साईन तथा सुमित सिसोदिया से 14 हजार रुपये और संजय सिसोदिया से 12 हजार रुपये जप्त किए गए। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल में दाखिल किया गया है।

# राजीव गांधी एवं राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित ऋषभ पटेल कांग्रेस में शामिल



कटनी (स्वतंत्रमत)।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जनहितकारी सोच, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और युवाओं के हितों के लिए किए जा रहे संघर्ष से प्रेरित होकर ऋषभ पटेल अपनी मित्रमंडली सहित जिला कांग्रेस कार्यालय, कटनी पहुँचे, जहाँ जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने सभी का कांग्रेस परिवार में आत्मीय स्वागत करते हुए विधिवत पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर अनिल बर्मन, देवेंद्र सोनी, हरिशंकर लोधी, ओम सेन, विजय प्रकाश यादव, मथुरा प्रसाद, सीमा पाल, रचना निषाद, अंकिता सकतेल, कंचन सूर्यवंशी सहित अनेक साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। एड. अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाने के कारण लगातार युवा एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने सभी नए सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## स्लीमनाबाद पुलिस ने पकड़ी शराब की बड़ी खेप

### वाहन चैकिंग के दौरान कार से 10 पेटी अवैध शराब बरामद, पांच आरोपी हत्थे चढ़े

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्लीमनाबाद पुलिस ने शराब की एक बड़ी खेप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के मुताबिक मारुति इको कार से शराब का परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी सुदेश समन ने बताया कि अपराधों की रोकथाम एवं शराब के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्लीमनाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 पेटी अवैध शराब के साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मारुति इको कार भी जप्त की है। जप्त शराब और वाहन की कुल कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। बताया जाता है कि शारदा मार्बल के सामने पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मारुति इको कार क्रमांक एमपी 20 जेडए 1151 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 8 पेटी देशी मसाला शराब और 2 पेटी देशी शराब कुल 10 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से उमेश दीक्षित निवासी ग्राम हरदी, जय कुमार पटेल निवासी ग्राम पड़रियाखुर्द, नीरज पटेल निवासी ग्राम सिमरिया, सनित पटेल निवासी पड़रियाखुर्द एवं आनंद उर्फ सोनू पटेल निवासी ग्राम पड़रियाखुर्द को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध स्लीमनाबाद थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

# विंबलडन सेमीफाइनल हारे नोवाक जोकोविच

## 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना टूटा,15 साल छोटे सिनर ने सीधे सेटों में हराया

लंदन।

39 साल के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का 25वां ग्रैंड स्लैट जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया है। वे विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में खुद से 15 साल छोटे 24 साल के जैनिक सिनर से सीधे सेटों में हार गए। सर्बिया के जोकोविच ने पिछला ग्रैंड स्लैम 3 साल पहले 2023 में जीता था। तब वे यूएस ओपन में चैंपियन बने थे। लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में शुक्रवार को इटली के सिनर ने जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वे लगातार दूसरे साल फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने पिछले साल स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराया था। इस बार सिनर का मुकाबला रविवार को जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।




### एक भी सेट नहीं जीत सके जोकोविच

सिनर ने सेमीफाइनल मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने जोकोविच को लगातार तीन सेटों में 2 घंटे 20 मिनट चले मैच में मात दी। इस जीत के साथ सिनर इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में मिली 5 सेटों की हार का भी बदला ले लिया।

जोकोविच अब तक 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। वे 25वें टाइटल की तलाश में उतरे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। उन्हें साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने हराया था। फ्रेंच ओपन में वे तीसरे राउंड से बाहर हो गए थे।

### जर्मनी के ज्वेरेव पहली बार विंबलडन फाइनल में

जेंटलमेंन सिंगल्स कैटेगरी के पहले सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी आर्थर फेरी को 7-6, 6-2, 6-4 से हराया। ज्वेरेव पहली बार विंबलडन के फाइनल में पहुंचे हैं। 29 साल के ज्वेरेव 1995 के बाद विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी बने हैं।

साथ ही वे फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले ओपन एरा के तीसरे खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ दो सेट गंवाए हैं।

### डूरंड कप ट्रॉफी टूर के शिलांग चरण को हरी झंडी

**शिलांग।** मेघालय सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री वेलादमिकी शायला ने शनिवार को 135वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ट्रॉफी टूर का शिलांग में स्वागत किया।फुटबॉल प्रेमी राज्य मेघालय में टूर्नामेंट की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियां उस औपचारिक फ्लैग ऑफ समारोह के बाद पहुंचीं, जिसे इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हरी झंडी दिखाई थी।समारोह में मेघालय की समृद्ध फुटबॉल विरासत का उत्सव मनाया गया और साथ ही टूर्नामेंट के पांच मेज़बान शहरों में से पहले शहर के रूप में शिलांग से ट्रॉफी टूर की यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में डूरंड कप की गौरवशाली विरासत पर एक प्रस्तुति, इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति भवन में आयोजित माननीय राष्ट्रपति के ट्रॉफी अनावरण एवं फ्लैग ऑफ समारोह की विशेष स्क्रीनिंग, 15 सदस्यीय खमिह क्रिएटिव सोसाइटी द्वारा गायन प्रस्तुति, टूर्नामेंट की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों-डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफी-का औपचारिक प्रदर्शन तथा गणमान्य व्यक्तियों के बीच स्मृति चिह्नों का आदान-प्रदान शामिल रहा।

# पृथ्वी देव भट्टाचार्य ने जीता राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

रांची।



झारखंड की राजधानी रांची में प्रशिक्षण ले रहे युवा जिम्नास्ट पृथ्वी देव भट्टाचार्य ने दिल्ली के मंथन जिम्नास्टिक्स स्टेडियम में आयोजित थर्ड ऑल इंडिया मंथन जिम्नास्टिक्स कप-2026 (ऑल इंडिया ओपन नेशनल जिम्नास्टिक चैंपियनशिप) में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिविजुअल मेन यूथ वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का गौरव बढ़ाया है।धनबाद जिले के निरसा स्थित कांजीडीह के निवासी पृथ्वी वर्तमान में रांची में रहकर पढ़ाई के साथ जिम्नास्टिक्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं।उनकी इस उपलब्धि से राज्य के खेल जगत में उत्साह का माहौल है।पृथ्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच विकास कुमार गोप को देते हुए बताया कि प्रतियोगिता से पहले वह चोटिल थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।उन्होंने कहा, मैं इंजर्ड था, लेकिन मेरी जिद थी कि इस चैंपियनशिप में जरूर खेलूं।मैं यह मौका गंवाना नहीं चाहता था।मेरे कोच ने लगातार अभ्यास कराया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी।चंदा कुमारी ने इंडिविजुअल विमेन, एक्रोबैटिक रॉक एंड रोल और एरो डांस में तीन स्वर्ण पदक जीते।ऋष्टि राज ने दो स्वर्ण और एक कांस्य, दिशा माहेश्वरी ने दो स्वर्ण और एक रजत, नंदिनी कुमारी ने दो स्वर्ण और एक कांस्य, प्रिया यादव, रिधिका यादव और तनुश्री कुमारी ने दो-दो स्वर्ण, जबकि रितिका जोशी ने एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया।वहीं अथर्व गुप्ता ने इंडिविजुअल मेन यूथ में रजत, आदित्य राज ने इंडिविजुअल मेन जूनियर और एरो डांस में दो स्वर्ण, प्रिबा श्री ने नेशनल डेवलपमेंट विमेन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। राहुल राज और अंकिता माझी ने एक्रो स्विंग में रजत, अलेक्जेंडर लीला मुंडा और पूनम हांसदा ने एक्रोसिंग में स्वर्ण, जेम्स कंडुलना और आराध्या पांडेय ने जूनियर एक्रोसिंग में स्वर्ण तथा शिव कुमार और खुशी कुमारी ने जूनियर एक्रोसिंग में रजत पदक हासिल किया।

# शॉर्ट पिच गेंदें बनी वैभव की कमजोरी

### एक ही तरह से तीन बार विकेट गंवाया



**लंदन।** 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब तक इंग्लैंड दौरे में प्रभावित नहीं कर पाये हैं। वैभव ने अब तक इस दौरे में तीन टी20 मैच खेले हैं। जिसमें वह 14, 13 और 15 रन बना पाये हैं। इस प्रकार वह तीन मैचों में कुल 42 रन ही बना पाये हैं। इन तीनों ही मैचों में वैभव ने उतरते ही बड़े शॉट लगाये पर वह विकेट पर टिक कर बड़ी पारी नहीं खेल पाये। इससे उनके शॉट चयन पर भी सवाल उठने लगे हैं। वैभव ने इससे पहले आईपीएल में जबरदस्त प्रदर्शन किय था लेकर इंग्लैंड की उछाल भरी तेज पिचों पर वह हालात के अनुसार खेलने में विफल रहे हैं। वैभव ने पिछले तीनों मैचों में एक ही तरह की गेंद शॉर्ट पिच पर अपना विकेट गंवाया है। इससे पता चलता है कि तेज और दोहरी उछाल वाली गेंदों को वह सही ढंग से नहीं खेल पर रहे। वह न तो उन्हें ठीक से पिक कर पा रहे हैं और न ही उन पर तगड़ा शॉट लगा पा रहे हैं, जिससे वह कम स्कोर पर ही कैच आउट हो रहे हैं।

# अनिमेष विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय

## 10.14 सेकेंड में रेस पूरी की, जर्मनी में अपने रिकार्ड को बेहतर किया

नई दिल्ली।

अनिमेष कुजूर विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर में 100 मीटर दौड़ 10.14 सेकेंड में पूरी की। 23 साल के अनिमेष ने विदेश में सबसे तेज दौड़ने के मामले में अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया है। यह उनका पर्सनल बेस्ट भी है। वह फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। साउथ अफ्रीका के आर. म्लेंगा 10.03 सेकेंड के साथ पहले स्थान पर रहे।अनिमेष का 10.14 सेकेंड का समय भारत के इतिहास का दूसरा सबसे तेज 100 मीटर प्रदर्शन है। नेशनल रिकॉर्ड 10.09 सेकेंड का है, जिसे गुरिंदरवीर सिंह ने इसी साल रांची में फेडरेशन कप में बनाया था।




### 24 घंटे में तीन बार टूटा था रिकॉर्ड

मई में फेडरेशन कप के दौरान भारतीय स्प्रिंट में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। गुरिंदरवीर सिंह ने 10.17 सेकेंड का समय निकाला और अनिमेष का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद अनिमेष ने 10.15 सेकेंड दौड़कर उससे बेहतर प्रदर्शन किया। अगले ही दिन गुरिंदरवीर ने 10.09 सेकेंड का समय निकालकर भारत के सबसे तेज धावक बने।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में रहेंगी नजरें

अनिमेष कुजूर पहले ही 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारत की 100 मीटर और 200 मीटर टीम में जगह बना चुके हैं। जर्मनी की प्रतियोगिता के बाद वे पोलैंड के स्पाला में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर से जुड़ेंगे। इसके बाद वे ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।100 मीटर दौड़ का वर्ल्ड रिकॉर्ड जमैका के उसेन बोल्ट के नाम दर्ज है। उन्होंने यह रिकॉर्ड 2009 की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था।

# सर्वेश कुशारे डायमंड लीग में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर

### आयरलैंड के खिलाफ मैथ्यूज ने 159 रन बनाए

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के 31 साल के हाई जम्पर सर्वेश कुशारे ने डायमंड लीग में इतिहास रचते हुए मोनाको मीट में तीसरा स्थान हासिल किया। वे डायमंड लीग में पॉडियम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर और ओवरऑल चौथे भारतीय एथलीट बन गए हैं। इससे पहले नीरज चोपड़ा, विकास गौड़ा और मुरली श्रीशंकर ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। सर्वेश ने 2.26 मीटर की छलांग लगाकर टोक्यो ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुतज एसा बारशिम, इटली के जियानमार्को तांबेरी और अमेरिका के जूवॉन हैरिसन जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ा।



यूक्रेन के ओलेह डोरोशचुक (2.32 मीटर) ने गोल्ड और ब्रिटेन के जैक किमनि (2.30 मीटर) ने सिल्वर जीता। नासिक के एक प्याज किसान के बेटे सर्वेश ने बचपन में खेत के कचरे और कपास से बने अस्थायी गद्दे पर अभ्यास शुरू किया था। दो सप्ताह पहले ही उन्होंने भुवनेश्वर में 2.31 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस प्रदर्शन के बाद वे मौजूदा सीजन में एशिया के नंबर-1 हाई जम्पर और दुनिया के संयुक्त चौथे सर्वश्रेष्ठ जम्पर बन गए हैं।

# कई वीवो और आईक्यूओओ स्मार्टफोन्स को नहीं मिलेगा एंड्रॉइड 17 अपडेट

नई दिल्ली।



वीवो और आईक्यूओओ स्मार्टफोन यूजर्स के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के कई पुराने मॉडल्स को आगामी एंड्रॉइड 17 अपडेट नहीं मिलेगा। यह अनुमान कंपनी की मौजूदा सॉफ्टवेयर अपडेट पॉलिसी के आधार पर लगाया गया है, हालांकि वीवो या आईक्यूओओ ने अभी तक कोई आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। एंड्रॉइड 17 के साथ वीवो अपने चीनी बाजार में नया ओरिजिनओएस 7 पेश करेगा, जबकि वैश्विक बाजार के लिए ज्यादातर डिवाइस फनटच ओएस के नए वर्जन के साथ अपडेट होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन वीवो स्मार्टफोन को एंड्रॉइड 17 बेस्ड अपडेट नहीं मिलेगा उनमें वीवो एक्स90 सीरीज (एक्स90, एक्स90 प्रो, एक्स90 प्रो+), वी30 सीरीज (वी30, वी30 प्रो, वी30ई), टी3 सीरीज (टी3, टी3 लाइट, टी3एक्स), वाई300 प्लस, वाई200 प्रो, वाई200ई, वाई100 4जी, वाई100आई, वाई29 और वाई29एस शामिल हैं। इसी तरह, आईक्यूओओ के कुछ लोकप्रिय मॉडल जैसे आईक्यूओओ 11, आईक्यूओओ 11 प्रो, जेड9 सीरीज (जेड9, जेड9एक्स, जेड9 लाइट, जेड9एस, जेड9एस प्रो) को भी यह अपडेट नहीं मिलने की उम्मीद है।

इन मॉडल्स को पहले ही कंपनी की तय सॉफ्टवेयर अपडेट पॉलिसी के आधार पर अपेक्षित अपडेट मिल चुके हैं, जिसके कारण एंड्रॉइड 17 पर आधारित नया वर्जन मिलने की संभावना काफी कम है। हालांकि, इन फोन्स को केवल आवश्यक सुरक्षा अपडेट मिलना जारी रह सकता है। वहीं, रिपोर्ट में वीवो एक्स200 और एक्स300 सीरीज, वी40, वी50, वी60 और वी70 सीरीज के कई मॉडल्स को एंड्रॉइड 17 के लिए योग्य बताया गया है।

# न्युवोको विस्टास ने सूरत के लिमला सीमेंट प्लांट शुरू किया उत्पादन

**सूरत।** देश की प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी न्युवोको विस्टास ने गुजरात के सूरत में स्थित अपने लिमला सीमेंट प्लांट में शनिवार को उत्पादन शुरू कर दिया।यह संयंत्र वदराज सीमेंट लिमिटेड की प्रमुख विनिर्माण इकाइयों में से एक है जो न्युवोको विस्टास की सहायक कंपनी है।कंपनी ने जून 2025 में 1,800 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिवाला कानून के तहत समाधान प्रक्रिया से गुजर रही वदराज सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा किया था।वदराज सीमेंट के पास कच्छ में क्लिंकर यूनिट और सूरत के लिमला में ग्राइंडिंग यूनिट है।

इसके अलावा कंपनी के पास कच्छ में उच्च गुणवत्ता वाले अपने चूना पत्थर के भंडार और एक कैप्टिव जेट्टी भी है, जो परिवहन व्यवस्था में मददगार होती है।इन परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने के बाद न्युवोको ने कच्छ और लिमला, दोनों इकाइयों में मरम्मत, आधुनिकीकरण और विस्तार का काम किया।कंपनी ने बताया कि लिमला सीमेंट प्लांट की ग्राइंडिंग यूनिट तय समय से पहले तैयार हो गयी है।इसके साथ यहां 20 लाख टन सालाना ग्राइंडिंग क्षमता की सफल शुरुआत भी हो गयी है।इससे न्युवोको की उत्पादन क्षमता और बाजार तक पहुंच दोनों मजबूत होंगी।न्युवोको विस्टास के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा, सूरत के लिमला ग्राइंडिंग यूनिट की शुरुआत न्युवोको के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।साथ ही, यह योजनाबद्ध तरीके से कारोबार बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

# इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा बढ़ा, शेयर उछले

### इंडियन बैंक के मुनाफे में 10 फीसदी और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 27 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के दो प्रमुख बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को जारी इन बैंकों के बेहतर नतीजों से निवेशकों में खासा उत्साह देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप दोनों बैंकों के शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। इंडियन बैंक का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़कर 3,272 करोड़ रुपए रहा, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 27 फीसदी बढ़कर 2,020 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। शुक्रवार को जारी बेहतर तिमाही नतीजों के बाद इंडियन बैंक के शेयर करीब 10 फीसदी चढ़कर बीएसई में 870.95 रुपए पर बंद हुए। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयर भी करीब 3 फीसदी बढ़कर 84.35 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुए। इंडियन बैंक की ब्याज से शुद्ध आमदनी 17 फीसदी बढ़कर 7,435 करोड़ रुपए हो गई, जबकि ऋण वितरण सालाना आधार पर 14 फीसदी बढ़कर 6.84 लाख करोड़ रुपए हो गया। बैंक की कुल आय 11 फीसदी बढ़कर 20,997.38 करोड़ रुपए दर्ज की गई और जमा राशि में 13.47 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 26.8 फीसदी बढ़कर 2,020 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले तिमाही (2,014 करोड़ रुपए) की तुलना में लगभग अपरिवर्तित है।

# चावल, गेहूं, दालों के भाव उतरे



### चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव गिर गया।चावल के साथ गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी मजबूत हुई है। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 79 रुपये टूटकर 3,884 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,800 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटे की कीमत 21 रुपये बढ़ गयी।दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 61 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।चना दाल 37 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये टूट गयी।उड़द दाल आठ रुपये और तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।स्थानीय बाजार में मूंगफली तेल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी जबकि अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही।वनस्पति 65 रुपये और पाम ऑयल 51 रुपये सस्ता हुआ।सरसों तेल 46 रुपये और सोया तेल 10 रुपये फिसल गया।सूरजमुखी तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।चीनी भी 14 रुपये महंगी हुई।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड्स बने निवेशकों की पहली पसंद

## कुल एयूएम रिकॉर्ड स्तर पर, डेट फंड्स से निकासी जारी

नई दिल्ली।

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंड्स पर लगातार मजबूत हो रहा है। जून 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में रिकॉर्ड 28,973 करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश आया, जो मई के 22,907 करोड़ रुपये से 26 फीसदी अधिक है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी आंकड़ों में सामने आई है। इस रिकॉर्ड निवेश के साथ भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) (30 जून तक 82,22,480.04 करोड़ रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। एएमएफआई डेटा के अनुसार मिडकैप और स्मॉलकैप फंड्स निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं। मिडकैप फंड्स में सर्वाधिक 6,090 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, इसके बाद स्मॉलकैप फंड्स में 5,602 करोड़ रुपए और फ्लेक्सी कैप फंड्स में 5,231 करोड़ रुपए का निवेश आया। मल्टीकैप और लार्जकैप फंड्स ने भी क्रमशः 3,070 करोड़ और 2,067 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया। हालांकि, एक तरफ जहां इक्विटी म्यूचुअल फंड्स निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं डेट म्यूचुअल फंड्स से निकासी का सिलसिला जारी है। जून में डेट फंड्स से करीब 1.09 लाख करोड़ रुपए का बड़ा आउटफ्लो दर्ज किया गया, जो मई के 96,948 करोड़ रुपए से अधिक है।



सर्वाधिक निकासी लिक्विड फंड्स (42,293 करोड़ रुपए) से हुई, जिसके बाद लो ड्यूरेशन और मनी मार्केट फंड्स रहे। यह ट्रेंड दर्शाता है कि निवेशक अब जोखिम उठाकर भी इक्विटी में बेहतर रिटर्न की तलाश में हैं।

# महिला श्रम भागीदारी की राह में रोजगार की कमी सबसे बड़ी बाधा: ईएसी-पीएम अध्यक्ष

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष एस. महेंद्र देव ने कहा है कि भारत में महिलाओं की श्रम भागीदारी बढ़ाने में अब सामाजिक सोच और परंपरागत मान्यताओं से कहीं अधिक बड़ी समस्या पर्याप्त रोजगार के अवसरों की कमी बन गई है। नई दिल्ली में एक संगोष्ठी में उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाओं में अधिक बेरोजगारी और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में पर्याप्त नौकरी सृजन न होना इस बात का प्रमाण है कि चुनौती अब रोजगार की मांग से जुड़ी है। उन्होंने जोर देकर कहा ?कि मेरा मानना है कि महिलाओं के रोजगार में सबसे बड़ी बाधा नौकरियों की कमी है। यदि उपयुक्त रोजगार उपलब्ध होंगे, तो वे निश्चित रूप से कार्यबल में शामिल होंगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाओं में लगभग 40 प्रतिशत बेरोजगारी भी इसी समस्या को उजागर करती है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, महिलाओं की बढ़ती श्रम भागीदारी समावेशी और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अवैतनिक कार्यों को शामिल करने पर महिलाएं पुरुषों से अधिक काम करती हैं, जिसका मौद्रिक मूल्य देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 10 प्रतिशत हो सकता है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर लगभग 40 प्रतिशत है।

# स्कूली शिक्षा में ड्रॉप-आउट दर हुई शून्य, हमारे सांदीपनि विद्यालय मॉडल की देश में हो रही है सराहना: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने पुण्योदय प्रकल्प के संस्थापक स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा ही समाज में परिवर्तन लाने का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं। हमारे बच्चे खूब पढ़ें, लिखें, जीवन में आगे बढ़े, इसके लिए हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों को आधुनिक तरीके से गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और संस्कारयुक्त शिक्षा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सांदीपनी विद्यालय, पीएमश्री स्कूल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में प्रदेश में शिक्षा की त्रिवेणी बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने प्राथमिक स्कूली शिक्षा स्तर पर ड्रॉप-आउट दर को शून्य करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हमारे सांदीपनि विद्यालय मॉडल की पूरे देश में सराहना हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इन्दौर में हिन्द रक्षक पुण्योदय प्रकल्प के कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूली छात्राओं को राष्ट्र के महापुरुषों के जीवन चरित्र




पर केन्द्रित निशुल्क पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित की। मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं से संवाद कर से उन्हें स्नेहपूर्वक खूब तरक्की करने का शुभाशीष भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में हमारे सरकारी विद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी विद्यालयों का रिजल्ट प्राइवेट विद्यालयों से बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बोर्ड के परीक्षा परिणामों में हमारे सांदीपनी विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है।

### प्रदेश का कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित सर्वोपरि एवं राष्ट्र प्रथम की नीति को केंद्र में रखते हुए समाज सुधार और लोगों को प्रेरित करने वाले अनेक कार्य हो रहे हैं। हिंद रक्षक संगठन के संस्थापक और जननेता स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ (लखन दादा) युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने समाज की बेहतरी के लिए तत्कालीन सरकार के कुशासन के खिलाफ आवाज उठाई, मुझे भी उनका सहयोगी बनने का सौभाग्य मिला। आज स्व. गौड़ की 68वीं जयंती पर पुण्योदय प्रकल्प के जरिए हर साल 60 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कॉपी-किताबें और महापुरुषों के प्रेरक जीवन प्रसंगों पर केन्द्रित पुस्तकें बांटी गई हैं। हिंद रक्षक प्रकल्प का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। हमारे युवा इससे प्रेरणा लें और गरीब-जरूरतमंदों मित्रों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें। राज्य सरकार ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से स्कूली शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नजर आ रहा है। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं की ड्रॉप आउट दर शून्य हो चुकी है। अब प्रदेश का कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

### 3 लाख कॉपी किताबों का वितरण

पुण्योदय प्रकल्प के संयोजक एकलव्य गौड़ ने कहा कि हिंद रक्षक प्रकल्प के संस्थापक स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ ने वर्ष 2004 में इस प्रकल्प की शुरुआत की थी। जिसके अंतर्गत 60 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को 11 जुलाई से 11 अगस्त के दौरान पूरे एक महीने में 3 लाख से अधिक कॉपी-किताबें बांटी जाएंगी। सभी विद्यार्थी इनका सदुपयोग करें। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, इन्दौर सांसद शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री एवं विधायक सुश्री ऊषा सिंह, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायिका श्रीमती मालिनी गौड़, विधायक गोलू शुक्ला, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, समाजसेवी गौरव रणदिवे, श्रवण चावड़ा, सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।



गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में करीब 72 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन एवं शुभारंभ

# नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि प्रदेश सरकार नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आमजन की समस्याओं का त्वरित और स्थाई समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण एजेंसियों को सभी स्वीकृत कार्य पूरी प्रामाणिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे करने होंगे, जिससे स्थानीय नागरिकों को अधोसंरचनाओं का समय पर लाभ मिल सके। पार्कों का सौंदर्यीकरण, सुदृढ़ सड़कें और सार्वजनिक सुविधाओं का निरंतर विस्तार नागरिकों के जीवन स्तर को सुगम और उन्नत बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शनिवार को गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-66 स्थित इंद्रपुरी में लगभग 72 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए नैनागिरी पार्क में 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली बाउंड्री वॉल तथा खेड़ापति मंदिर से नैनागिरी कॉलोनी तक 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने भारत नगर स्थित समर्पण पार्क में 8 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने इंद्रपुरी ए सेक्टर के एकता पार्क में 3.80 लाख रुपए की लागत से पाथवे निर्माण एवं बाउंड्री वॉल की पुताई के कार्य का शुभारंभ किया।

इंद्रपुरी बी सेक्टर में पार्क की बाउंड्री वॉल के प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और वहां 11 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने इंद्रपुरी बी सेक्टर की विभिन्न आंतरिक कॉलोनियों में निर्मित हो रही सीसी रोड का भी अवलोकन किया तथा इस दौरान स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# लाड़ली बहनों को मिलेगी 38वीं किश्त की सौगात

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भिंड के लहार में करेंगे राशि अन्तरण

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को जिला भिंड के लहार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में च्मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा अंतरण करेंगे।

मध्यप्रदेश सरकार की इस अत्यंत लोकप्रिय योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को योजना की शुरुआत से अब तक की 38वीं नियमित मासिक किश्त का भुगतान किया जाएगा।राज्य सरकार द्वारा माह नवंबर 2025 से इस मासिक आर्थिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने के बाद से सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है। योजना की शुरुआत यानी जून 2023 से लेकर जून 2026 तक सरकार द्वारा कुल 37 किश्तों का नियमित अंतरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 238.96 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 40 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही, क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 83.33 करोड़ की लागत वाली 16 नई लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का भूमि-पूजन और शिलान्यास भी किया जाएगा।

# अभाविप नगर इकाई ने एकलव्य विवि में मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दमोह नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं संगठन के 78वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय परिषद परिचय रखा गया था जिसमें विद्यार्थियों को संगठन के गौरवशाली इतिहास, उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अभाविप के विभाग संगठन मंत्री सुमित भगत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत कुर्मी एवं जिला संयोजक ओम श्रीवास्तव जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विभाग संगठन मंत्री सुमित भगत जी ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। स्थापना काल से ही परिषद ने छात्रों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक चेतना का संचार किया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत कुर्मी ने परिषद परिचय विषय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संगठन की कार्यपद्धति, रचनात्मक गतिविधियों और छात्र हितों के लिए किए गए ऐतिहासिक संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। जिला संयोजक ओम श्रीवास्तव ने दमोह जिले में परिषद की सक्रियता को रेखांकित करते हुए युवाओं को शिक्षा के साथ.साथ समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। एकलव्य विश्वविद्यालय में आयोजित इस संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और परिषद के नगर कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

अंत में उपस्थित सभी छात्रों ने राष्ट्र सेवा और छात्र कल्याण का संकल्प लिया। नगर इकाई द्वारा सभी अतिथियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया।

# डायल 112 वाहन की टक्कर से पति-पत्नी घायल

### मड़ियादो थाना क्षेत्र के बड़े धवा के पास हुआ हादसा

हटा (स्वतंत्र मत)।

मड़ियादो थाना क्षेत्र के बड़े धवा गांव के पास डायल 112 वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल हटा में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घोघरा निवासी विशाल पिता नत्थू गौड़ 45 अपनी पत्नी सुभद्रा बाई 43 के साथ बाइक से खेती के लिए डीजल एवं अन्य कृषि सामग्री खरीदने मड़ियादो जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए डायल 112 वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। घायल विशाल गौड़ ने बताया कि वे खेती का सामान लेने मड़ियादो जा रहे थे। उनके अनुसार पीछे से आए डायल 112 वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

उन्होंने आरोप लगाया कि टक्कर के बाद उन्होंने आवाज भी लगाई लेकिन वाहन नहीं रुका। बाद में गांव के लोगों की मदद और सूचना के बाद उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच के बाद ही दुर्घटना के कारणों और जिम्मेदारी की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# ट्रांसफार्मर के पास बीएसएनएल केबल बिछाने के दौरान युवक गिरा

हटा (स्वतंत्र मत)।

नगर के खचना नाका स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के पास बीएसएनएल की केबल डालने का कार्य कर रहे दो युवकों में से एक युवक अचानक नीचे गिर गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और करंट लगने की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शी राजेश साहू के अनुसार युवक ट्रांसफार्मर के पास नसेनी लगाकर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक नीचे गिर पड़ा। घटना को देखकर लोगों ने करंट लगने की आशंका जताई। हालांकि कुछ देर बाद युवक उठ खड़ा हुआ और अपने



साथी के साथ केबल को ट्रांसफार्मर से बांधकर काम पूरा किया। इसके बाद दोनों अपनी सामग्री समेटकर वाहन से दमोह के लिए रवाना हो गए। घायल युवक के साथी ने बताया कि युवक को करंट नहीं लगा था और वह पूरी तरह सुरक्षित है। उनका कहना था कि वे दमोह से कार्य के लिए आए थे और काम पूरा होने के बाद वापस लौट रहे हैं। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विद्युत ट्रांसफार्मर के बेहद नजदीक सुरक्षा मानकों के बिना कार्य किए जाने से बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने ऐसे कार्यों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण परीक्षण शिविर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 20 से 27 जुलाई तक विभिन्न विकासखंडों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। एडिप योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी, वैशाखी, वॉकरए व्हीलचेयर, कमर व घुटने के बेल्ट, गर्दन की कॉलर, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन 20 जुलाई को जनपद पंचायत जबेरा, 21 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका दमोह तथा नगर पंचायत हिण्डोरिया का संयुक्त शिविर स्थान जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दमोह, 22 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका हटा, 23 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत पटेरा, 24 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत पथरिया, 25 जुलाई को जनपद पंचायत बटियागढ़ तथा 27 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत तेंदूखेड़ा में किया जाएगा। एडिप योजना का लाभ लेने के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का यूडीआईडी कार्ड मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए 80 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वहीं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु, निर्धारित आय सीमा तथा पहचान एवं निवास संबंधी आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रहेंगे।

# पक्की पगडंडी के अभाव में छात्र-छात्राएं जर्जर रास्ते से जा रहे स्कूल

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

एक ओर तो प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था पर अंधाधुंध पैसा खर्च कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी है। वहीं दूसरी ओर कई ऐसी मूलभूत आवश्यकताएं है। जिन पर न तो उच्च अधिकारियों का और न ही सरकार का ध्यान जाता है। या फिर यूं कहें मासूम बच्चो की पुकारें सरकार के कानों तक नहीं पहुंच रही या फिर सरकार बेसुद अवस्था में है। ऐसा ही एक मामला पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत विलानी का है, जहां स्कूल जाने के लिए छोटे-छोटे छात्रों को लगभग एक किलोमीटर से अधिक कीचड़ भरी पगडंडी से गुजरना पड़ता है। जो कि कई सालों



से निरंतर ऐसा ही करते हुए आ रहे परंतु अब तक न यहां जिम्मेदार अधिकारी की नजर गई। नाही सरकार के प्रतिनिधियों की वहीं गांव वालों के बताए अनुसार कई बार जनप्रतिनिधि सहित आला अधिकारियों तक कीचड़ युक्त पगडंडी की शिकायतें की गई है। परंतु उन शिकायतों पर आज तक संज्ञान नहीं लिया गया। इसके उपरांत जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से मासूम बच्चों सहित ग्रामीणों ने मांग की है। की स्कूल जाने के लिए पक्की पगडंडी निर्माण कार्य करवाएं जिससे हमारे बच्चे नियमित और सुरक्षित स्कूल पहुंच सकें।

# सिविल अस्पताल के सामने नाली जाम



**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर के सिविल अस्पताल के सामने नाली जाम होने से गंदा पानी अस्पताल परिसर में फैल गया जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। परिसर में फैली गंदगी और जलभराव के कारण लोगों को बदबू और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ा। जानकारी के अनुसार अस्पताल के सामने बनी नाली जाम होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर परिसर में भरने लगा। करीब 24 घंटे तक स्थिति बनी रहने के बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। जल निकासी के लिए जेसीबी मशीन की सहायता से नाली के एक हिस्से को तोड़कर पानी की निकासी कराई गई जिसके बाद लोगों को कुछ राहत मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि दमोह नाका से पन्ना नाका तक बनी नाली की वर्षों से समुचित सफाई नहीं कराई गई है। बरसात के दौरान नालियां जाम होने से पानी अक्सर अस्पताल परिसर तक पहुंच जाता है। वहीं वर्तमान में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण यह समस्या और गंभीर हो गई है। नागरिकों ने नगर पालिका से नियमित नाली सफाई और स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# क्षय रोगी विभाग एवं लीनेस मैत्री क्लब द्वारा स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** लीनेस मैत्री क्लब की पहल पर छात्राओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी विशेष कार्यक्रम उड़ान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के जिले के क्षय रोग विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास महारानी लक्ष्मीबाई कन्या माध्यमिक शाला परिसर में अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चैनपुरा की छात्रायें एवं क्षय रोग विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण साथ लीनेस मैत्री क्लब मित्रों द्वारा मासिक धर्म पर स्वच्छता जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर्यावरण स्वास्थ्य का कैसे सहयोगी है विषय पर विचार रखें स्वास्थ्य विभाग से पधारे डॉ. गौरव जैन क्षय रोग एवं उससे बचाव पर अपने विचार व्यक्त किये उन्होंने कहा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी ऐसे व्यक्ति का



सामाजिक बहिष्कार नहीं करना चाहिए बल्कि उसकी बीमारी में सहयोग कर उसके आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। लीनेस क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा बच्चियों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है तो उनका शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहता है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर नर्मदा सिंह ने कहा मानसिक खुशी जीवन में महत्वपूर्ण है यदि मानसिक खुशी बनाए रखने के लिए हमें प्राणायाम एवं ध्यान करना चाहिए। सचिव ज्योति ने सेल्फ लव पर अपने विचार रखे रखते हुए अपने आप से प्यार करना चाहिए खुद के लिए भी कुछ समय निकालना चाहिए। ज्योति सचदेव ने कहा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो तो उनसे हम सुरक्षित रहेंगें। सपना राजपूत ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। इसी के साथ बच्चों का स्कैनिंग कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर गौरव जैन दीपक राजपूत, मानक लाल रैकवार, राजकुमार पटेल, राजा नवीन चेतन अग्रवाल उपस्थित रहे। लीनेस मैत्री क्लब के अध्यक्ष रजनी खरे, ज्योति सचदेव, भावना शिवहरे, कविता चांदानी, सपना राजपूत, आशा अग्रवाल, भावना शिवहरे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आभार छात्रावास अधीक्षक श्रीमती नीता गोस्वामी ने किया। विशेष सहयोग चैनपुरा छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती रानू आर्य जी का रहा छात्राओं ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम के वक्ताओं को बेहद उत्साह एवं आनंदित होकर सुना गिफ्ट के रूप में सभी छात्राओं को थर्मल कूलिंग वॉटर प्रोजेक्ट डायरेक्टर नर्मदा सिंह एकता द्वारा प्रदान की गई गिफ्ट पाकर बच्चे बहुत ही प्रसन्न हुए।

### हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित होंगे योगेश सुमन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** ग्राम इमलाई के युवा योगेश सुमन को समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। उनका नाम हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज होगा। यह कार्यक्रम 28 जुलाई को सहारनपुर उप्र की मां शाकम्भरी यूनिवर्सिटी में यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जायेगा। योगेश ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराई।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.5 नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्र क्रं./स.क्र.-05/26-27/78
जबलपुर दिनांक 2/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार जैन पिता श्री शिखर चंद जैन (2) श्रीमती सविता जैन पति श्री राजेश कु. जैन ने भवन क्रमांक 858 वार्ड महात्मा गांधी क्षेत्रफल 655 वर्गफुट भूतल 655 आवासीय प्रथम तल 655 आवासीय द्वितीय तल 235 आवासीय विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 858 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्रीमती समुद्री बाई पति मिठ्ठन लाल जैन पिन नं. 1060367069/41301111 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 5 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-5**
**नगर निगम जबलपुर**



**सिहोरा क्षेत्र की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस**

## सोते हुए अधेड़ व्यक्ति को सांप ने डसा, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम कूम्ही सतधारा में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजू लाल चौधरी 54 वर्ष निवासी ग्राम बड़खेरा के रूप में हुई। जो अपनी पत्नी के पास ग्राम कूम्ही सतधारा आए हुए थे। रात सोते समय उन्हें जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह होने पर मिली, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर मझगवां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

**किराना दुकान के बाहर बदमाशों ने मचाया आतंक**

## शराब के लिए रूपए ना देने पर मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाने में दीपक गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी इंद्रानगर रेंजर किराना के पास गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि इंद्रानगर घर के किराना दुकान में पत्नी साधना गुप्ता और बहन अनिता गुप्ता बैठीं थीं। उसी समय सैठीनगर निवासी शंभू बेन, केशू बेन आकर उसकी पत्नी साधना से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, पत्नी ने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलोज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।





**बहुचर्चित 193 किलो गांजा तस्करी मामला**

# कथित पायलट को म.प्र. हाईकोर्ट से मिली जमानत

### शहडोल के जैतपुर थाना क्षेत्र का मामला, हुई थी 3 मौतें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ से शहडोल के जैतपुर थाना क्षेत्र में 193.420 किलोग्राम गांजा बरामदगी और 3 लोगों की मौत से जुड़े बहुचर्चित तस्करी प्रकरण में कथित पायलट मनीष शुक्ला को नियमित जमानत मिल गई। पुलिस का आरोप है कि मनीष शुक्ला उन वाहनों की पायलटिंग कर रहा था, जिनसे गांजे की खेप ले जाई जा रही थी। हालांकि उसके कब्जे से न तो गांजा मिला और न ही कोई वाहन बरामद हुआ। कोर्ट ने कहा कि आवेदक के विरुद्ध मुख्य आधार सह-आरोपित का मेमोरेंडम है। हाईकोर्ट में आवेदक की ओर से अधिवक्ता निखिल भट्ट ने तर्क दिया कि पायलटिंग के आरोप के समर्थन में कोई स्वतंत्र प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं है और न ही किसी प्रकार की बरामदगी हुई है। राज्य शासन ने जमानत का विरोध किया, लेकिन यह स्वीकार किया कि आवेदक से कोई मादक पदार्थ या वाहन जब्त नहीं हुआ।



### ये है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक यह मामला विगत 13-14 अप्रैल 2026 की रात कामता मोड़ के पास हुए हादसे से जुड़ा है, जिसमें तीन लोगों की कुएं में गिरने से मौत हुई थी। जांच के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से 193.420 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था।

आरोपी मनीष शुक्ला के अधिवक्ता निखिल भट्ट ने मप्र हाईकोर्ट में पक्ष रखते हुए दलील देते हुए बताया कि उनके मुवक्किल को केवल सह-अभियुक्त के मेमोरेंडम कथन के आधार पर मामले में आरोपी बनाया गया है।

### नहीं हुई कोई बरामदगी

उन्होंने न्यायालय को बताया कि मनीष शुक्ला निर्दोष है और उनसे किसी प्रकार की कोई बरामदगी नहीं हुई है और न ही उनके विरुद्ध ऐसा कोई स्वतंत्र प्रत्यक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है, जो उन्हें अपराध से जोड़ता हो। अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि केवल मेमोरेंडम कथन का स्वतंत्र रूप से कोई साक्ष्यात्मक मूल्य नहीं है, इसलिए अभियुक्त को जमानत का लाभ दिया जाना न्यायोचित होगा। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति देव नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने आरोपी मनीष शुक्ला को जमानत प्रदान करने का आदेश पारित किया। हालांकि, मामले के मुख्य आरोपों पर सुनवाई एवं विचारण की प्रक्रिया निचली अदालत में जारी रहेगी।





# हितकारिणी महिला महाविद्यालय में फाइनेंशियल वेलनेस अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एकेडमी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में हितकारिणी महाविद्यालय के सभागार में फाइनेंशियल वेलनेस अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अभिषेक जाजू सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट, कॉर्पोरेट एवं कमर्शियल लॉयर, सर्टिफाइड वेल्थ मैनेजर एवं एनएसई इंडिया एकेडमी में कॉर्पोरेट ट्रेनर उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे द्वारा कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए स्वागत किया गया।

***बदलते वित्तीय इकोसिस्टम पर दी जानकारी***- अभिषेक जाजू ने तेजी से बदलते वित्तीय इकोसिस्टम पर प्रकाश डालते हुए दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय शिक्षा, म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, इक्विटी बाजार, बीमा योजना, टैक्स प्लानिंग, जोखिम प्रबंधन, सेबी फ्रेमवर्क, वित्तीय धोखाधड़ी आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, वाणिज्य विभागाध्यक्ष आशीष मालपानी, खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर, पवन वैध, डॉ. अंजलि ठाकुर, डॉ. आरती झारिया, प्रो. फरहाना खान, प्रो. पूजा मिश्रा, प्रो. छाया दुबे, डॉ. कनीज़ रजवी, सुश्री शुभ्रा सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग एवम प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. अंशुल मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जिले की जनपद पंचायत सिहोरा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुधुआ में विगत लंबे समय से जर्जर पड़े श्री राम जानकी मंदिर के निर्माण और उसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले से लेकर स्थानीय प्रशासन को ग्राम पंचायत के लोगों ने लिखित रूप से आवेदन देकर अवगत कराया गया था। लम्बे समय से चली आ रहीं मांग आखिर पूरी हुई। इस संबंध में ग्रामीण वासियों ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बुधुआ में प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर की दीवारें क्षतिगस्त हो गई थीं। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो तीन वर्षों से मांग लिखित आवेदन के साथ स्थानीय प्रशासन और मंदिर अध्यक्ष पूर्व विधायक नितरंजन खम्परिया से चर्चा में की जा रहीं थीं। श्री राम दरबार के श्री चरणों में प्रार्थना के साथ द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला पहनाकर विगत दिवस जीर्णोद्धार संकल्प पूजन का कार्यक्रम श्री गोविन्ददासजी महाराज की मौजूदगी में किया गया। उपस्थिति ग्राम निवासियों को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु नरसिंह पीठाधीश्वर नृसिंह टेकरी खितौला गोविन्ददासजी महाराज के मार्गदर्शक राम जानकी मंदिर न्यास बुधुआ सिहोरा ने भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को आशीर्वाद भी प्रदान किया। और भूमि पूजन के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर प्रार्थना करते निर्माण कार्य का शुभारंभभी कराया गया। मंदिर जीर्णोद्धार निर्माण के इस भूमि पूजन के दौरान नरसिंह पीठाधीश्वर नृसिंह टेकरी खितौला गोविन्ददासजी महाराज, मंदिर अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नितरंजन खम्परिया, मंदिर पुजारी सुमित दुबे, मनीष खम्परिया, पवन सोनी सहित ग्रामीण क्षेत्र के आम जन मौजूद रहें।



# अवैध रेत के काम में लगी पोकलेन मशीन जब्त, एफआईआर दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील पाटन क्षेत्र में अवैध खनिज गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ग्राम हरदुआ में अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही की तथा ग्राम गाड़ाघाट टोल के पास फर्जी बिल बुक मिलने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। खनिज अधिकारी एके राय ने बताया कि एसडीएम पाटन सृष्टि प्रजापति के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सिहोरा आईपीएस आदित्य सिन्हारिया के नेतृत्व में गत दिवस ग्राम हरदुआ में संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान करीब 2 हाईवा रेत का अवैध भंडारण पाया गया। मौके से एक पोकलेन मशीन भी लावारिस अवस्था में मिली। रेत और पोकलेन मशीन को जब्त कर आगामी आदेश तक थाना प्रभारी पाटन की अभिरक्षा में रखा गया है। मामले में कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इसी कार्यवाही के दौरान ग्राम गाड़ाघाट टोल के पास खनिज रेत के परिवहन एवं खनन में उपयोग की जा रही अवैध बिल बुक बरामद की गई। गोविंद धुर्वे पिता प्रकाश धुर्वे से उक्त रसीद बुक जब्त की गई। प्रथम दृष्टया फर्जी तरीके से खनिज रेत के परिवहन एवं व्यापार में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए थाना पाटन में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# पमरे में सतर्कता विभाग की समीक्षा बैठक, महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल सतर्कता विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय सतर्कता प्रदर्शन समीक्षा बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के प्रमुख कार्यकारी निदेशक (सतर्कता) राजेन्द्र कुमार सोनी ने की। बैठक में रेलवे बोर्ड के सतर्कता निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे सहित विभिन्न रेलवे इकाइयों के सतर्कता कार्यों एवं प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय रेल जैसी विशाल संस्था में सतर्कता अनियमितताओं की रोकथाम माध्यम के साथ-साथ सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है कि वह इमानदारी, निष्पक्षता तथा नियमबद्ध कार्यप्रणाली को अपने दैनिक कार्यो का अभिन्न अंग बनाए। महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की समीक्षा बैठकें सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा संगठनात्मक सुधार को नई दिशा प्रदान करेंगी।



# किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ने ली बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि से जुड़े विषयों को लेकर किसान संघों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से खाद, बिजली और नहरों से पानी की उपलब्धता पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों की समस्यांओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। इसके साथ ही उन्हों ने कहा कि कृषि संबंधी अन्यक गतिविधियों को अपनाकर किसान न केवल आय बढ़ा सकते हैं बल्कि आय में निरंतरता भी प्राप्त कर कर सकते हैं। बैठक में भारतीय किसान संघ के संभागीय उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, मुकुल पचौरी आदि मौजूद रहे।

# सीडीवी वायरस की जांच के लिए जबलपुर लाई गई घायल बाघिन

### नौरादेही टाइगर रिजर्व में वन कर्मी पर किया था हमला, निगेटिव आई रिपोर्ट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





कान्हा टाइगर रिजर्व में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) से बाघों की मौत के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। इसी बीच नौरादेही (वीरांगना दुर्गावती) टाइगर रिजर्व में मिली एक घायल बाघिन में वायरस की आशंका के चलते उसे बीती रात जबलपुर स्थित सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ हेल्थ एंड फॉरेंसिक लाया गया। यहां उसका उपचार जारी है। जांच में दौरान बाघिन के सैंपलों की कैनाइन डिस्टेंपर वायरस जांच निगेटिव आई है, हालांकि उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि करीब 15 से 18 महीने उम्र की इस बाघिन के पिछले पैरों में सूजन, शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट और लंबे समय से भूखा रहने के संकेत मिले हैं। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ड्रिप लगाकर इलाज शुरू किया है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### वन कर्मचारी पर किया था हमला

वन विभाग के मुताबिक विगत 5 जुलाई को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली परिक्षेत्र में एक श्रमिक पर बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। श्रमिक और मौके पर मौजूद महिला वनरक्षक ने बताया था कि हमलावर बाघ के पंजे छोटे थे, जिससे उसके कम उम्र का होने का अनुमान लगाया गया। इसके बाद 7 जुलाई को सर्च अभियान के दौरान एक कम उम्र की बाघिन दिखाई दी, जिसके बारे में आशंका जताई गई कि हमला उसी ने किया था। उसके व्यवहार पर नजर रखने के लिए हाथियों की मदद से लगातार गश्त और निगरानी की गई। 8 जुलाई को हाथियों के महावत और वन अधिकारियों ने देखा कि बाघिन कई दिनों से भूखी है और उसके पिछले पैरों में चोट होने के कारण उसकी चाल सामान्य नहीं है। इसके बाद मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक के निर्देश पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन्यजीव विशेषज्ञ एवं चिकित्सक डॉ. गुरुदत्त शर्मा तथा जबलपुर स्थित सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ हेल्थ एंड फॉरेंसिक की टीम को मौके पर बुलाया गया।

### पैरों में मिली सूजन

इसके बाद 10 जुलाई को हाथियों की मदद से बाघिन को दोबारा तलाश कर बेहोश किया गया। प्रारंभिक परीक्षण में उसका पेट लगभग खाली मिला और पैरों में सूजन पाई गई। विस्तृत जांच और उपचार के लिए उसे जबलपुर भेज दिया गया। इधर कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के मामलों को देखते हुए एहतियात के तौर पर बाघिन के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के मामलों को देखते हुए एहतियात के तौर पर बाघिन के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**